श्री मिश्र जी के वंशज ने स्वर्गीय मिश्र जी की आत्मा की शान्ति के लिए अन्य कर्मकाण्ड की पुस्तकों को भी सरल रीति से तैयार किया है जो परिषद् प्रकाशित कर चुकी है, जिसकी नामावली इस पुस्तक के अंत में मुद्रित है।

विश्वास है, ये पुस्तकें सामान्य पुरोहितों-पण्डितों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगी।

**भारती परिषद्, प्रयाग**

प्रकाशक

वाग्दान (सगाई) मंगनी, मुद्दा - गायत्री मन्त्र ईश्वर उपासना प्रार्थना मन्त्र
लगन पत्रिका, चूड़चढ़ी, भात लेना-देना, प्रीतिभोज, मिलनी, बारोठी
जौंगा - [illegible]
तेल, हल्दी, तेल [illegible], [illegible], [illegible] पूजन, [illegible], [illegible]
कंकन, [illegible] पूजन
[illegible]
मण्डप देवी देवपूजन, [illegible]
भांवर, विवाह



# वररक्षा ( वरिच्छा-फलदान )

⊙ वर पूर्वमुख तथा फलदान चढ़ाने वाला व्यक्ति (कन्या-पिता या कन्या-भ्राता) पश्चिम मुख बैठकर दोनों अपने-अपने ऊपर जल छिड़कें -

**॥ ओम् अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।**
**यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं सबाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥**

⊙ दोनों तीन बार आचमन करें -

**॥ ओम् केशवायनमः। ओम् माधवायनमः। ओम् नारायणायनमः॥**

⊙ फिर अक्षत-पुष्प लेकर स्वस्तिवाचन और गणेश जी का ध्यान करें -

**॥ स्वस्ति वाचन मन्त्र॥**

**ओम् स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः। स्वस्तिनस्ताक्ष्र्यो अरिष्टनेमिः स्वस्तिनो वृहस्पतिर्दधातु॥ पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभं यावानो विदथेषु जग्मयः। अग्नि जिह्वा मनवः सूर चक्षसो विश्वेनो देवा अवसा गमन्निह॥ भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम् देवा भद्रं पश्ये माक्षभिर्यजत्राः॥ स्थिरै रंगैस्तुष्टवा गुं सस्तनू भिर्व्यशे महि देवहितं यदायुः॥ शतमिन्नु शरदो अन्तिदेवा यत्रा नश्चक्रा जरसन् तनूनाम्। पुत्रासो यत्र**



Home

पितरो भवन्ति पाणो मध्यारी रिषता युर्गन्तो:।। अदितिर् द्यौ रदितिरन्तरिक्ष मदितिर्माता स पिता स पुत्र:। विश्वे देवा अदिति: पंचजना अदितिर्जात मदितिर्जनित्वम्।।

द्यौ: शान्ति रन् तरिक्ष गुं शान्ति: पृथिवी शान्ति राप: शान्ति रोषधय: शान्ति: वनस्पतय: शान्ति र्विश्वेदेवा: शान्तिर् ब्रह्मशान्ति: सर्व गुं शान्ति: शान्तिरेव शान्ति: सामा शान्तिरेधि। यतोयत: समीहसे तत्तो नो अभयं कुरु। शन्न: कुरु प्रजाभ्योऽभयन्न:। पशुभ्य: विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव यद् भद्रं तन्न आसुव।

ओम् सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गजकर्णक:। लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायक:।।
धूम्रकेतुर् गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजानन:। द्वादशैतानि नामानि य: पठेच्छृणुयादपि।।
विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा। संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते।।
शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णम् चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्यायेत्सर्व विघ्नोप शान्तये।।
लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजय:। येषा मिन्दी वर श्यामो हृदयस्थो जनार्दन:।।
वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं गुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।
सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
अभीप्सितार्थ सिध्यर्थम् पूजितो य: सुरासुरै:। सर्व विघ्न हरस्तस्मै गणाधिपतये नम:।।

।।श्रीमन्महागणाधिपतयेनम:।।



❑ फलदान चढ़ाने वाला व्यक्ति हाथ में फलदान की सामग्री लेकर मन्त्र पढ़े –

।। ओम् वाचा दत्ता मया कन्या पुत्रार्थम् स्वीकृतं त्वया।
कन्यावलोकन विधौ निश्चितस् त्वं सुखीभव।।
तुभ्यं कन्यार्थिने वाचा कन्यादानं ददाम्यहम्।
तन्निश्चयार्थम् मद्दत्तं गृह्यतां साक्षतं फलम्।।

❑ यह कहकर फलदान वर के हाथ में दे, ❑ वर फलदान लेकर निम्न मन्त्र पढ़े –

।। ओम् वाचा दत्ता त्वया कन्या पुत्रार्थम् स्वीकृतं मया।
वरालोकन विधौ निश्चितस् त्वं सुखी भव।।

❑ वर यह कहकर फलदान-सामग्री को लेकर माथ लगाये ❑ भगवान को ध्यान करें –

ओम् प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेता ध्वरेषु यत्। स्मरणादेव तद् विष्णु: परिपूर्णम् स्यादिति श्रुति:।।
यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपो यज्ञ क्रियादिषु। न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम् ।।२।।

श्री विष्णु:। श्री विष्णु: । श्री विष्णु:।

❑ माता पिता आचार्य पुरोहित आदि गुरुजनों का चरण स्पर्श करे।

❑ ब्राह्मण को दक्षिणा और नाई को न्यौछावर देना चाहिए।

❑❑

## तिलक संस्कार

☐ वर पूर्वमुख तथा कन्या-भ्राता अथवा तिलक चढ़ाने वाला व्यक्ति पश्चिममुख बैठकर पहले गौरी-गणेश, कलश, नवग्रह की पूजा करे। पूजा विधि इस प्रकार है---

☐ दोनों अपने ऊपर कुशा या आम्र पल्लव से जल छिड़के।

**ओम् अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।**
**यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स वाह्याभ्यन्तरः शुचिः ।।**

☐ फिर दोनों तीन बार आचमन करें।

**ओम् केशवाय नमः। ओम् माधवाय नमः। ओम् नारायणाय नमः। ओम् हृषीकेशाय नमः। पुण्डरीकाक्षः पुनातु।**

☐ फिर दोनों हाथ धोकर हाथ में अक्षत-पुष्प लें और ब्राह्मण स्वस्तिवाचन करें---

**ओम् स्वस्तिन इन्द्रो बृद्धश्रवाः स्वस्तिनः पूषा विश्ववेदाः। स्वस्तिनस्तार्क्ष्यो अरिष्टने मिः स्वस्तिनो वृहस्पतिर्दधातु।। पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभं यावानो विदथेषु जग्मयः। अग्निजिह्वामनवः सूरचक्षसो विश्वेनो देवा अवसा गमन्निह।। भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम् देवा भद्रं पश्ये माक्षभि र्यजत्राः। स्थिरैरंगैस्तुष्टवा ᳪ सस्तनू भिर्व्यशे महि देवहितं यदायुः।। शतमिन्नु शरदोअन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा**



**जरसन्तनूनाम्। पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मानो मध्यारी रिषता युर्गन्तोः।। अदितिर् द्यौ रदितिरन्तरिक्ष मदितिर्माता सपिता सपुत्रः। विश्वेदेवा अदितिः पंचजना अदिति र्जात मदितिर्जनित्वम्।। द्यौःशान्ति रन्तरिक्ष ᳪ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्ति र्विश्वेदेवाः ब्रह्म शान्तिः शान्तिः सर्व ᳪ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सामाशान्ति रेधि। यतो यतः समीहसे ततो नो अभयं कुरु। शन्नः कुरु प्रजाभ्योऽभयन्नः पशुभ्यः। विश्वानि देवसवितर्दुरितानि परासुव यद्भद्रन्तन्न आसुव।।**

**ओम् सुमुखश्चैक दन्तश्च कपिलो गजकर्णकः। लम्बोदरश्चविकटो विघ्ननाशो विनायकः।।**
**धूम्रकेतुर् गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः। द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि।।**
**विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा। संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते।।**
**शुक्लाम्बर धरं देवं शशिवर्णम् चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्यायेत्सर्व विघ्नोपशान्तये।।**
**लाभस्तेषां जयस्तेषां कतस्तेषां पराजयः। येषामिन्दीवर श्यामो हृदयस्थो जनार्दनः।।**
वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।
सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तुते।।
अभीप्सतार्थ सिध्यर्थम् पूजितो यः सुरासुरैः। सर्व विघ्नहरस्तस्मै गणाधिपतये नमः।।

।। श्रीमन्महागणाधिपतये नमः ।।

☐ अक्षत-फूल गौर के सामनें भूमि पर रख दे। ☐ भूमि पूजन करे।

**ओम् आधार शक्त्यै नमः। ओम् पृथिव्यै नमः। ओम् भूम्यै नमः।**

☐ कहते हुए---- ३ बार जल-रोड़ी-अक्षत-फूल चढ़ा दे।

☐ वर तथा कन्याभ्राता हाथ में कुश, अक्षत, द्रव्य लेकर (प्रतिज्ञा) संकल्प करे---

**<u>वर संकल्प</u>--- हरिः ओम् विष्णु विष्णु विष्णुः अद्य ओम् नमः परमात्मने श्री पुराण पुरुषोत्तमाय अद्य हरिः ओम् ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीय परार्धे श्रीश्वेतवाराह कल्पे वैवस्वत मन्वन्तरे अष्टाविंशति तमे युगे कलियुगे कलिप्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गत ब्रह्मावर्त्तेक देशे बौद्धावतारे श्री पुण्यक्षेत्रे शुभ (अमुक) संवत्सरे मासानां मासोत्तमे (अमुक) मासे शुभे (अमुक) पक्षे (अमुक) तिथौ (अमुक) वासरे तथाच अमुक-अमुक राशि स्थितेषु ग्रहेषु सत्सु एवं ग्रहगुणविशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्य समये श्रुतिस्मुतिपुराणोक्त फल प्राप्तिकामः (अमुक) गोत्रोत्पन्नः (अमुकनाम) स्वकीय विवाहांगभूत वरवृत्तिकर्मणि शुभता सिध्यर्थम् गौरीगणपति कलश ग्रहाणां स्थापनं पूजनं चाहं करिष्ये।**

☐ कन्याभ्राता का संकल्प---

**अमुक गोत्रोत्पन्नः अमुक नामाऽहं स्वभगिन्याः (अमुक) नाम्न्या विवाहांगभूत वरवरणकर्मणि शुभतासिध्यर्थम् गणपत्यादि देवानाम् पूजन महम् करिष्ये।**

( नोट- कन्या पिता हो तो स्वभगिन्या के स्थान पर "स्वकन्यायाः" कहे )



☐ संकल्प पढ़कर हाथ में लिये हुये कुश-अक्षत आदि को अपने सामने पृथ्वी पर रख दें।

## गौरी-गणेश-कलश की स्थापना करे

☐ दाहिने हाथ से क्रमशः पृथ्वी आदि का स्पर्श करे---

☐ भूमिस्पर्श - **ओम् भूरसि भूमिरस्य दितिरसि विश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री। पृथिवीं यच्छ पृथ्वीं दृ ᳫं ह पृथिवीं माहि ᳫं सीः।**

☐ गौरीस्पर्श - **ओम् मानस्तोके तनये मान आयुषि मानो गोषु मानो अश्वेषु रीरिषः। मानो वीरान् रुद्र भामिनो वधीर्हविष्मन्तः सद मित्त्वा हवामहे।**

☐ गणपतिस्पर्श - **ओम् गणानां त्वा गणपति ᳫं हवामहे प्रियाणां त्वा प्रियपति ᳫं हवामहे निधीनां त्वा निधिपति ᳫं हवामहे वसो मम। आहम जानि गर्भध मा त्वम जासि गर्भधम्।**

☐ कलश के नीचे धान्य स्पर्श - **ओम् धान्यमसि धिनुहि प्राणायत्वा दानाय त्वा व्यानाय त्वा। दीर्घा मनु प्रसिति मायुषे धां देवो वः सविता हिरण्यपाणिः प्रतिगृभ्णा त्वचूछिद्रेण पाणिना चक्षुषे त्वा महीनाम् पयोऽसि।**

☐ कलशस्पर्श--- ओम् आजिघ्र कलशं मह्यात्वा विशन्त्विन्दवः। पुनरूर्जा निवर्तस्व सानः सहस्रन्धुक्ष्वो रुधारा पयस्वती पुनर्मा विशताद् रयिः।।

☐ कलश में जल छोड़े--- ओम् वरुणस्योत्तम्भन मसि वरुणस्य स्कम्भ सर्जनीस्थो वरुणस्य ऋतु सदन्यसि। वरुणस्य ऋतु सदनमसि वरुणस्यऋतु सदन मासीद।।

☐ कलश में कुशा छोड़े--- ओम् पवित्रेस्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः। तस्य ते पवित्रपते पवित्र पूतस्य यत्कामः पुने तच्छकेयम्।।

☐ कलश में गन्ध (रोली)--- ओम् गन्धद्वारां दुराधर्षाम् नित्यपुष्टां करीषिणीम्। ईश्वरीं सर्व भूतानां तामिहो पह्वये श्रियम्।।

☐ कलश में औषधि (अभाव में अक्षत)---

ओम् या ओषधीः पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रि युगम्पुरा। मनैनु बभ्रूणा मह शतन्धामानि सप्त च।।

☐ कलश में दूर्वा--- ओम् काण्डात्काण्डात् प्ररोहन्ति परुषः परुषस्परि। एवानो दूर्वे प्रतनु सहस्रेण शतेन च।।



☐ कलश में आम्रपल्लव--- ओम् अम्बे अम्बिके अम्बालिके न मानयति कश्चन। ससस्त्यश्वकः सुभद्रिकां काम्पील वासिनीम्।।

☐ कलश में सप्तमृत्तिका (अभाव में अक्षत)---

ओम् स्योना पथिवि नो भवानृक्षरा निवेशनी यच्छानः शर्म्म सप्रथाः।।

☐ कलश में सुपारी--- ओम् याः फलनीर्या अफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः।। बृहस्पति प्रसूतास्तानो मुंचन्त्व ँ ह सः।।

☐ कलश में सूत्र लपेट दे -- ओम् युवा सुवासाः परिवीत आगात् स उ श्रेयान् भवति जायमानः। तं धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यो मनसा देवयन्तः।।

☐ कलश में द्रव्य छोड़े -- ओम् हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्। सदाधार पृथिवीं द्यामुते मां कस्मै देवाय हविषा विधेम।।

☐ कलश के ऊपर जवा भरा पियाला रखे---

ओम् पूर्णादर्विपरापत सुपूर्णा पुनरापत। वस्नेव विक्रीणा बहा इषमूर्ज ँ शतक्रतोः।।

❑ कलश पर दीपक – ओम् अग्निर् ज्योतिर् ज्योतिरग्निः स्वाहा सूर्योज्योतिर् ज्योतिः सूर्यः स्वाहा।
अग्निर् वर्चो ज्योतिर् वर्चः स्वाहा। सूर्यो वर्चो ज्योतिर् वर्चः स्वाहा।
ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा॥

❑ हाथ में अक्षत लेकर आवाहन– ओम् तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तद शास्ते यजमानो हविर्भिः।
अहेडमानो वरुणे ह बोध्युरुश गुं स मान आयुः प्रमोषीः॥
ओम् कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्रः समाश्रितः।
मूले त्वस्य स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः॥
कुक्षौ तु सागराः सप्त सप्तद्वीपा वसुन्धराः।
ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः॥
अंगैश्च सहिताः सर्वे कलशं तु समाश्रिताः॥

## गौरी-गणपति पूजन

❑ अक्षत-पुष्प लेकर - गणेश आवाहन –

(१) ओम् गणानांत्वा गणपति गुं हवामहे प्रियाणान्त्वा प्रियपति गुं हवामहे निधीनां त्वा निधिपति गुं हवामहे वसोमम। आहम जानि गर्भधमा त्वम जासि गर्भधम्॥

(२) ओम् हे हेरम्ब त्वमेह्योहि अम्बिका त्र्यम्बकात्मज।
सिद्धि बुद्धिपते त्र्यक्षलक्षलाभ पितुः पितः॥



नागास्यं नागहारं त्वां गणराजं चतुर्भुजम्।
भूषितं स्वायुधैर्दिव्यैः पाशांकुश परश्वधैः॥
आवाहयामि पूजार्थम् रक्षार्थम् च मम क्रतोः।
इहागत्य गृहाण त्वं पूजां यागं च रक्ष मे॥
ओम् भूर्भुवः स्वः सिद्धिबुद्धि सहिताय गणपतये नमः।
गणपतिम् आवाहयामि, स्थापयामि, पूजयामि॥

❑ गौरी आवाहन –

(१) ओम् श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्या वहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रुप मश्विनौ व्यात्तम्।
इष्णन्निषाणा मुम् मइषाण सर्वलोकम् मइषाण॥

(२) ओम् हेमाद्रि तनयां देवीं वरदां शंकर प्रियाम्।
लम्बोदरस्य जननीं गौरी मावाह याम्यहम्॥
ओम् भूर्भुवः स्वः गौर्यै नमः। गौरीमावाहयामि-स्थापयामि-पूजयामि॥

❑ गौर-गणेश-कलश पर अक्षत छोड़कर आवाहन करे –

ओम् मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य वृहस्पतिर्यज्ञ मिमन्तमो त्वरिष्टं यज्ञ गुं समिमन्दधातु।
विश्वेदेवा स इह मादयन्तामोम् प्रतिष्ठ॥

ओम् भूर्भुवः स्वः सिद्धि बुद्धि सहिताय गणाधिपतये नमः।
ओम् भूर्भुवः स्वः गौर्यै नमः। ओम् कलशे वरुणाय नमः।

**यथोपचार पूजन--** गौर-गणेश-कलश की पूजा करे---

☐ तीन बार जल चढ़ावे--- ओम् पादयोः पाद्यं हस्तयोः मुखे आचमनीयं स्ननीयं जलं समर्पयामि ।।

☐ रोड़ी-हल्दी
ओम् गन्धद्वारां दुराधर्षाम् नित्य पुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्व भूतानां तामिहो पह्वये श्रियम् ।।

☐ अक्षत
ओम् अक्षन्नमीमदन्त ह्यवप्रिया अधूषत। अस्तोषत स्वभानवो
विप्रान विष्ठया मती यो जान्विन्द्रते हरी ।।

☐ सिन्दूर
ओम् सिन्दूरं शोभनं रक्तं सौभाग्यं सुप्रवर्धनम्।
सुखदं मोक्षदं चैव सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम् ।।

☐ फूल
ओम् मल्लिकादीनि सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभौ।
मया दत्तानि पूजार्थम् पुष्पाणि प्रतिगृह्यताम् ।।

☐ धूप
ओम् वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यो गन्ध उत्तमः।
आघ्रेयः सर्व देवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ।।



☐ दीप
ओम् साज्यं च वर्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया।
दीपं गृहाण देवेश त्रैलोक्य तिमिरापह ।।

☐ हाथ धोकर नैवेद्य
ओम् शर्कराघृत संयुक्तम् मधुरं स्वादु चोत्तमम्।
उपहार समायुक्तं नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम् ।।

☐ आचमन
सर्व पाप हरं दिव्यं गांगेयम् निर्मलं जलम्। पानार्थम्
च मया दत्तं गृह्यतां गणनायक ।।

☐ फल
ओम् इदं फलं मया देव स्थापितं पुरतस्तव। तेन मे सफला वाप्तिर्
भवेज् जन्मनि-जन्मनि ।।

☐ पान-सुपारी
लवंग कर्पूर संयुक्तम् ताम्बूलं सुर पूजितम्। एतद् गृहाण देवेश मम
सौख्यं प्रवर्धय ।।

☐ दक्षिणा
ओम् हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुते मां कस्मै देवाय हविषा विधेम् ।।

☐ विशेषार्घ-- एक पियाले में रोड़ी-अक्षत-पुष्प-जल-द्रव्य लेकर नीचे का मंत्र पढ़कर गणेश जी को चढ़ा दें---

ओम् रक्ष रक्ष गणाध्यक्ष रक्ष त्रैलोक्य रक्षक। भक्तानाम् अभयं कर्त्ता त्राता भव भवार्णवात् ।।
द्वै मातुर कृपासिन्धो षाण्मातु रग्रज प्रभो। वरद त्वं वरं देहि वान्छितं वान्छितार्थद ।।
अनेन सफलार्घ्येण फलदोऽस्तु सदा मम।

☐ हाथ में जल लेकर छोड़ दें--मन्त्र पढ़े----

ओम् एतानि गन्धाक्षत पुष्प धूप दीप नैवेद्य ताम्बूल पूगीफल दक्षिणा द्रव्येण
अनया पूजया प्रीयन्तां न मम।

☐ हाथ जोड़कर प्रार्थना करे---

ओम् विघ्नेश्वराय वरदाय सुर प्रियाय। लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।।
नागाननाय श्रुति यज्ञ विभूषिताय। गौरी सुताय गणनाथ नमो नमस्ते।

## नवग्रह-षोडशमातृका-पूजन

☐ कलश की एक ओर नवग्रह तथा दूसरी ओर षोडशमातृका की पूजा करे---

☐ १ पीढ़ा पर १७ खाना बना कर या १ पियाले में चावल छोड़कर षोडशमातृका का आवाहन करे--

☐ बाएँ हाथ में अक्षत लेकर दाहिने हाथ से एक-एक खाने में २-२ दाना अक्षत छिड़कें।



| | | | |
|---|---|---|---|
| १- ओम् गणपतये नमः | - गणपतिमावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| २- ओम् गौर्यै नमः | - गौरीमावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| ३- ओम् पद्मायै नमः | - पद्मामावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| ४- ओम् शच्यै नमः | - शचीमावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| ५- ओम् मेधायै नमः | - मेधामावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| ६- ओम् सावित्र्यै नमः | - सावित्रीमावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| ७- ओम् विजयायै नमः | - विजयामावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| ८- ओम् जयायै नमः | - जयामावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| ९- ओम् देवसेनायै नमः | - देवसेनामावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| १०- ओम् स्वधायै नमः | - स्वधामावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| ११- ओम् स्वाहायै नमः | - स्वाहामावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| १२- ओम् मातृभ्यो नमः | - मातॄः आवाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| १३- ओम् लोकमातृभ्यो नमः | - लोकमातॄः आवाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |
| १४- ओम् धृत्यै नमः | - धृतिमावाहयामि | - स्थापयामि | - पूजयामि। |

१५- ओम् पुष्टयै नमः - पुष्टिमावाहयामि - स्थापयामि - पूजयामि।
१६- ओम् तुष्टयै नमः - तुष्टिमावाहयामि - स्थापयामि - पूजयामि।
१७- ओम् आत्मनः कुलदेवतायै नमः - आत्मनः कुलदेवतामावाहयामि - स्थापयामि - पूजयामि।

ओम् मनोर्जुतिर्जषता माज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञ मिमंतनो त्वरिष्टं यज्ञ ँ समिमन्दधातु।
विश्वेदेवा स इह मादयन्तामोम् प्रतिष्ठ।

ओम् गौरी पद्मा शची मेधा सावित्री विजया जया। देवसेना स्वधा स्वाहा मातरो लोकमातरः।।
धृतिः पुष्टिस्तथा तुष्टि रात्मनः कुलदेवता। गणेशेनाधिका ह्येता वृद्धौ पूज्यास्तु षोडश।।
गौर्याद्याः कुल देवतान्त मातरो गणपतिसहिताः सुप्रतिष्ठता वरदा भवन्तु।

## नवग्रह पूजन

☐ बाएँ हाथ में चावल लेकर दाहिने हाथ से २-२ दाना चावल नवग्रह पर छिड़क कर आवाहन करे--

☐ १. सूर्य---

ओम् आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यंञ्च।
हिरण्य येन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्।।
ओम् सूर्याय नमः--सूर्यम् आवाहयामि-स्थापयामि - पूजयामि।



☐ २. चन्द्र--

ओम् इमं देवा असपत्न ँ सुवद्‌ध्वंमहते क्षत्राय महते ज्यैष्ठयाय महते
जान राज्या येन्द्र स्ये न्द्रियाय। इमम मुष्य पुत्र ममुष्यै पुत्रमस्यै
विश एष वोऽमी राजा सोमोऽमाकं ब्राह्मणाना ँ राजा।।
ओम् चन्द्रमसे नमः चन्द्रमसम्--आवाहयामि---स्थापयामि - पूजयामि।

☐ ३. मंगल-

ओम् अग्नि मूर्द्धा दिवः क कुत्पतिः पथिव्याअयम्। अपा ँ रेता ँ
सि जिन्वति।।
ओम् भौमाय नमः भौमम्-आवाहयामि-स्थापयामि - पूजयामि।

☐ ४. बुध--

ओम् उद् बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्त्ते स ँ सृजेथा मयं च।।
अस्मिनूत् सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत।।
ओम् बुधाय नमः बुधम्--अवाहयामि--स्थापयामि - पूजयामि।

☐ ५. गुरु---

ओम् बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद् विभाति क्रतु मज्जनेषु। यद्दी
दयच्छवस ऋृत प्रजात तदस्मासु द्रविणन्धेहि चित्रम्।।
ओम् गुरुवे नमः-- गुरुम्---अवाहयामि---स्थापयामि - पूजयामि।

☐ ६. शुक्र---

ओम् अन्नात् परिस्नुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिवत क्षत्रं पयः सोमं प्रजापतिः। ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपान ँ शुक्र मन्धस इन्द्रस्येन्द्रिय मिदं पयोऽमृतं मधु॥

ओम् शुक्राय नमः-- शुक्रम् --अवाहयामि -- स्थापयामि -- पूजयामि।

☐ ७. शनि---

ओम् शन्नो देवी रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंयो रभि स्रवन्तु नः।

ओम् शनैश्चराय नमः--शनैश्चरम् आवाहयामि--स्थापयामि--पूजयामि।

☐ ८. राहु--

ओम् कया नश्चित्रआभुव दूती सदा वृधःसखा। कया शचिष्ठया वृता।

ओम् राहवे नमः-- राहुम्-- आवाहयामि-- स्थापयामि -- पूजयामि।

☐ ६. केतु--

ओम् केतुं कृण्वन्न केतवे पेशो मर्याअपेशसे। समुषद्भिः रजा यथाः॥

ओम् केतवे नमः-- केतुम् आवाहयामि-- स्थापयामि -- पूजयामि।

ओम् मनोजूतिर्जुषतामाज्यस्यबृहस्पतिर्यज्ञमिमन्तनो त्वरिष्टं यज्ञ ँ समिमन्दधातु। विश्वेदेवा स इहमादयन्तामोम् प्रतिष्ठ॥

ओम् भूर्भुवः स्वः सूर्यादि नवग्रह देवताः सुप्रतिष्ठिता वरदा भवन्तु॥



## पूजन

☐ षोडशमातृका तथा नवग्रह की पूजा करे--- ☐तीन बार दोनों पर जल छोड़े

ओम् पादयोः पाद्यम्, हस्तयोः अर्घम्, मुखे आचमनीयं जलं स्नानार्थम् च समर्पयामि॥

☐ रोड़ी या हल्दी

ओम् गन्धद्वारां दुराधर्षाम् नित्य पुष्टां करीषिणीम्। ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहो पह्वये श्रियम्॥

☐ अक्षत

ओम् अक्षताश्च ग्रहाः सर्वे कुंकुमाक्ताः सुशोभिताः। मया निवेदिता भक्त्या गृहणन्तु कृपां कुरु॥

☐ फूल

ओम् सुमाल्यानि सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै ग्रहाः। मया हृतानि पूजार्थम् पुष्पाणि प्रतिगृह्यताम्॥

☐ धूप

ओम् वनस्पति रसोद्भूतो गन्धाढ्यो गन्ध उत्तमः। आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥

☐ दीप

ओम् आज्यं च वर्ति संयुक्तं वह्निना योजितं मया। दीपं गृहणन्तु ग्रहाः सर्वे त्रैलोक्य तिमिरापहम्॥

☐ हाथ धोकर नैवेद्य — ओम् शर्कराघृत संयुक्तं मधुरं स्वादु चोत्तमम्।
उपहार समायुक्तं नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम्।।

☐ ३ बार जल — ओम् नैवेद्यान्ते जलम्-आचमनीयं समर्पयामि।

☐ फल — ओम् इदं फलं मयादेव स्थापितं पुरतस्तव।
तेन मे सफला वाप्तिर्भवेज्जन्मनि-जन्मनि।।

☐ पान-सुपारी — ओम् पूगीफलमहद्दिव्यं नागवल्लैर्दलैर्युतम्।
एलादि चूर्ण संयुक्तं ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्।।

☐ दक्षिणा — ओम् हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।
सदाधार पथिवीं द्यामुते मां कस्मै देवाय हविषा विधेम।।

☐ हाथ में जल लेकर छोड़ दें — ओम् एतानि गन्धाक्षतपुष्प-धूप-दीप-नैवेद्य-ताम्बूल-पूगीफल दक्षिणा द्रव्येण अनेन पूजनेन नवग्रहाधिदेवताः प्रीयन्तां न मम।

☐ फूल लेकर प्रार्थना करे — ओम् न चार्चनं पुण्यतमं शुभप्रदम्, जानाम्यहं धन्यतमाः सुमातरः।
सुरप्रियाः षोडशमातृका मम, भूया सर ज्ञान विनाश कारिकाः।।
ओम् ब्रह्मामुरारिस्त्रिपुरान्तकारी भानुः शशी भूमि सुतो बुधश्च।
गुरुश्च शुक्रः शनि राहु केतवः सर्वे ग्रहाः शान्तिकरा भवन्तु।।

☐ फूल दोनों ओर चढ़ा दें।



## ब्राह्मण-वरण

☐ वर तथा कन्याभ्राता ब्राह्मण के माथ में तिलक-अक्षत लगा कर वरण करे।

☐ तिलक लगाने का मन्त्र-- ओम् गन्धद्वारां दुराधर्षाम् नित्य पुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहो पह्वये श्रियम्।।

☐ कुश अक्षत जल द्रव्य लेकर वरण का संकल्प--
ओम् अद्य अमुक गोत्रः अमुक नामाऽहम् अस्मिन् वरवृत्ति कर्मणि शुभता सिध्यर्थम् अमुक गोत्रं अमुक नामकं शर्माणं त्वामहं वृणे।।

☐ ब्राह्मण वरण लेकर कहे--- ।। ओम् वृतोऽस्मि ।।

## वर पूजन

☐ तिलक चढ़ाने वाला व्यक्ति वर की पूजा करे।

☐ वर के दोनों पैर तीन बार धोकर अपने माथ लगावे--पैर धोने का मन्त्र---
ओम् विराजो दोहोसि विराजो दोह मशीय मयि पाद्यायै विराजो दोहः।।

☐ वर के माथ में तिलक करे, अक्षत लगावे – मन्त्र –

ओम् कस्तूरी तिलकं ललाट पटले वक्षस्थले कौस्तुभम्।
नासाग्रे वर मौक्तिकम् करतले वेणुः करे कंकणम्।।
सर्वाङ्गे हरिचन्दनं सुललितं कण्ठे च मुक्तावली।
गोपस्त्री परिवेष्टितो विजयते गोपाल चूड़ामणिः।।

☐ फूल की माला पहनावे – मन्त्र – ओम् यद्यशोप्सरसा मिन्द्रश्चकार विपुलं पृथु तेन।
संग्रथिताः सुमनस आबध्नामि यशो मयि।।

☐ **तिलक सामग्री का संकल्प--**

☐ हाथ में कुश अक्षत जल लेकर तिलक का सामान छुवे और पुरोहित संकल्प पढ़ें----

**ओम् विष्णु विष्णु विष्णुः अद्य पूर्वोच्चरित ग्रहगुण विशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्य तिथौ (अमुक) गोत्रः (अमुक) नामाऽहम् स्वभगिन्याः (कन्यायाः) (अमुकी) नाम्याः विवाहांगभूत वरवरण कर्मणि (अमुक) गोत्रम् (अमुक) नामकम् वरं सुपूजितमेभिः कुंकुमाक्त तण्डुल पूरित पात्र श्रीखण्ड चन्दन नारिकेल पूगीफल हरिद्रा दूर्वा वस्त्रादिभिः यथाशक्ति द्रव्यैश्च त्वामहं वृणे।**



☐ यह कहकर कुश अक्षत तथा तिलक सामग्री वर के हाथ में दे दे।

☐ वर सामग्री को लेकर मन्त्र पढ़े---

**।। ओम् वृतोऽस्मि। ओम् द्यौस्त्वा ददातु पृथिवी त्वा प्रतिगृह्णातु।।**

☐ कन्याभ्राता व वर दोनों एक दूसरे को पान खिलावें और गले मिलें।

☐ वर के पुरोहित लग्नपत्री गणेश ज़ी को छुआकर खोलें और पढ़कर सुनावें।

☐ पुरोहित को दक्षिणा और नाई को न्यौछावर दें। देवताओं का विसर्जन करें।

**ओम् यान्तुदेवगणाः सर्वे पूजामादाय मामकीम्।**
**इष्ट कामार्थ सिध्यर्थम् पुनरागमनाय च।।**

- **नोट--** कायस्थों के यहाँ वर के फूफा वर की सजी हुई आरती उतारते हैं और कन्या पक्ष वाले उन्हें आरती का नेग देते हैं।

## लगन लिखना - पुजाना

☐ आँगन में चौका लगवाकर--आटा से चौक पूरे। गौर-गणेश-कलश रखे : लगनपत्री लिखे।

☐ लड़की के हाथ में चावल-गुड़-सिन्दूर की डिब्बी रखकर कोहबर से एक सोहागवती स्त्री कन्या को आँगन में ले आवे : चौक पर बिठा दे। पटली पर , पूर्व मुख, लड़की, पश्चिम मुख लड़की का भाई, पिता

☐ लड़की से गौर-गणेश-कलश की पूजा कराये।

☐ लगनपत्री की पूजा कराये : लगनपत्री पढ़कर सब को सुना दे।

☐ लगनपत्री के भीतर पीला चावल व खड़ी हल्दी-सुपारी,१ रुपया २ पैसा - दूब रखकर उसे लपेट दे: कलाईनारा से अच्छी तरह लपेट कर बाँध दे।

☐ लग्नपत्री के ऊपर ५ जगह ऐपन-सेन्दुर लगवा दे।

☐ ब्राह्मण को दक्षिणा दे : नाई को न्यौछावर दे। ☐ आरती कराये

☐ लड़की के हाथ में सिन्दूर की डिब्बी रखकर कोहबर ले जाय, ले जाते समय आगे-आगे पानी की धार देता रहे।

☐ कोहबर में ले जाकर सिन्दूर की डिब्बी वहाँ पर रखा दे, लड़की को दही - बताशा खिला दे।

---

- नोट – कुछ लोगों के यहां यह भी रीति है कि तिलक में जाने वाले कपड़े के सफेद थान में लड़की के हाथ का छापा लगवाते हैं।



## लगन खोलने की विधि

☐ कन्या के घर से लगन आने पर वर के घर में वर को पूर्वमुख बैठाकर गौर गणेश कलश की पूजा कराने के बाद लग्नपत्री की पूजा करावे। फिर लगन खोलकर उसे पढ़े। ☐ आरती कराये

☐ उसके बाद नाई, ब्राह्मण को न्यौछावर व दक्षिणा दे।

☐ वर को कोहबर में ले जाय और उसे दही - गुड़ चखावे।

☐ वर को कोहबर में ले जाते समय उसके आगे जल की धार देते रहना चाहिए।

## चकरी

☐ कुछ जातियों में लगन पुजाने के पहले लड़की के यहाँ और लगन खोलने के पहले वर के यहाँ चकरी की पूजा होती है। **कुछ** जातियो में मटमँगरा, गीतकढ़ैया के दिन ही चकरी रखी जाती है। अपने कुल-जाति के अनुसार यह रस्म करना चाहिए।

## मटमँगरा गीत कढ़ैया

☐ स्त्रियाँ मंगलगान करती हैं। घर से बाहर जाकर बाग-बगीचा अथवा अन्य शुद्ध स्थान से मिट्टी खोद कर लाती हैं फिर बैठकर मूसल-ओखरी-सूप आदि की पूजा करती हैं और जिसका विवाह हो रहा है उसके हाथ-पाँव में हल्दी उपटन लगाती हैं। जहाँ चकरी पहले नहीं रखी गयी है, वहाँ चकरी रखी जाती है,

अर्थात् चकरी की पूजा करके सोहागवती स्त्रियाँ दाल दलती हैं। यह सब अपने-अपने घर की रीति की परम्परा के अनुसार किया जाना चाहिए।

☐ चकरी पूजा के समय गोबर की गौर और सुपारी के गणेश तथा कड़ू तेल का दिया भी बनाया जाता है जो चकरी के पहले पूजा जाता है। यही गौर-सुपारी व दिया चौथी छुड़ाने तक पूरे विवाह में रहता है।

## मण्डप (खम्भा)

सोम, बुध, गुरु, शुक्र। पुनर्वसु, पुष्य, आर्द्रा, अनुराधा, उ०, ह, चि, स्वाती, I 2, 3, 5, 7, 9, 10, 11, 15 I राहू काल, भद्रा न हो, चौघड़िया सही हो।

☐ कन्या के घर में कन्या-पिता। वर के घर में वर-पिता---आँगन में जहां खम्भा गाड़ना है---उस स्थान पर

☐ पूर्व की ओर मुख करके बैठ कर : अपने ऊपर जल छिड़के।

**ओम् अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थांगतोऽपिवा।**
**यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥**

☐ तीन बार आचमन करे---- **ओम् केशवायनमः। ओम् माधवायनमः। ओम् नारायणायनमः।**

☐ हाथ धोकर--- हाथ में अक्षत पुष्प लोकर मंगलश्लोक पढ़ें---

**ओम् सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गज कर्णकः। लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायकः॥**
**धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भाल चन्द्रो गजाननः। द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि॥**



**विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा। संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते॥**
**शुक्लाम्बर धरं देवं शशि वर्णम् चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्यायेत्सर्व विघ्नोपशान्तये॥**
**लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजयः। येषामिन्दीवर श्यामो हृदयस्थो जनार्दनः॥**
**वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥**
**सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तुते॥**
**अभीप्सितार्थ सिध्यर्थम् पूजितो यः सुरासुरैः। सर्व विघ्नहरस्तस्मै गणाधिपतये नमः॥**

☐ कुश - अक्षत लेकर प्रतिज्ञा संकल्प करे---

**अद्य ओम् विशेषण विशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुक नामाऽहम् स्वपुत्रस्य (कन्यायाः) करिष्यमाण विवाहांगभूत स्तम्भारोपणं तत्र पूर्वे निर्विघ्नता सिध्यर्थम् गणपत्यादि पूजनमहं करिष्ये।**

☐ संकल्प पढ़कर हाथ का कुश-अक्षत सामने भूमि पर छोड़ दे।

☐ पूर्व पृष्ठ १४ से १७ तक में लिखे क्रम से गौरी-गणेश और कलश की पूजा करे।

☐ जहाँ खम्भा गाड़ना है--- उस स्थान की भूमि का स्पर्श करे। ☐ मन्त्र---

**ओम् भूरसि भूमि रस्य दितिरसि विश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री।**
**पृथिवीं यच्छ पृथिवीन्दृ ँ हपृथिवीम्माहि ँ सीः।**

ओम् आगच्छ सर्वकल्याणि वसुधे लोक धारिणि। उद्घृतासि वाराहेण सशैल वन कानना ।।
रत्नाकरे विष्णुना त्वं धृता वाराहरूपिणा। आगच्छ वरदे धात्रि यज्ञेऽस्मिन् शुभदायिनि ।।

☐ उस भूमि की पूजा करे। खम्भा गाड़ने के लिए गढ़ा खोदे ☐ गढ़ा खोदने का मन्त्र----

ओम् भावो रिषखनिता यस्मै चाऽहं खनामिवः। द्विपाच्चतुष्पाद स्भाकऽसर्वभस्त्वना तुरम् ।।

☐ गढ़े के भीतर जल-अक्षत, १ खड़ी हल्दी, १ सुपारी तथा द्रव्य छोड़कर प्रार्थना करे----

ओम् सर्वबीज समायुक्ते सर्वरत्नौषधी वृते। रुचिरे नन्दने नन्दे वाशिष्ठे रम्यता मिह ।।
तवोपरि करिष्यामि मण्डप सुमनोहरम्।
क्षन्तव्यं च त्वया देवि सानुकूला मखे भव। निर्विघ्नं मम कर्मेदं यथा स्यात्त्वं तथा कुरु ।।

☐ गेरु से रँगा हुआ एक हरीश, एक हरा बाँस---दोनों सामने रखकर उसकी प्रार्थना करे--

ओम् स्तम्भस्त्वं निर्मितः पूर्वम् यज्ञभाग सुरेश्वरः। स्तुतो मण्डप रक्षार्थम् पूजां पुष्पादिकं तथा ।। गृहीत्वा सुस्थिरो भूत्वा अस्माकमुदयं कुरु ।।

☐ उस खम्भे पर जल चढ़ावे और ऐपन का ५ छापा व सिन्दूर लगावे।

☐ इसी तरह बाँस पर ५ जगह ऐपन-सिन्दूर लगावे।

☐ ५ आदमी मिलकर खम्भा उठावें और उसी गड्ढे में स्थिर कर दे। खम्भा गाड़ने का मन्त्र--

ओम् स्थिरो भव वीडवङ्ग आशुर्भवम् वार्ज्यवम्। पृथुर्भव सुखदस्त्वमग्नेः पुरीषवाहणः।



☐ खम्भा गाड़ने के बाद फिर से उसके ऊपर जल अक्षत छोड़कर प्रार्थना करे--

ओम् त्वां प्रार्थये ह्यहं स्तम्भ लोकानां शान्तिदायक। देहि मेऽनुग्रहम् स्तम्भ प्रसीद कुरु सुव्रतो ।।

☐ इसके बाद पुरोहित को दक्षिणा तथा नाई को न्यौछावर दे।

☐ घर की कोई सुमंगली स्त्री गाड़ने वाले पाँचो व्यक्तियों के पीठ पर छापा लगावे। हल्दी लगावें, [illegible]

☐ घर के लोग मिलकर मण्डप बनावें और सरपत से छावें।

## कलश-स्थापन

☐ मण्डप छा लेने के बाद जहाँ खम्भा गड़ा है वहीं पर खम्भा के पास पश्चिम की ओर प्रधान कलश के लिये १ घड़ा जिसमें गोबर और जवा लगा होता है, रखना चाहिये।

☐ घड़े में गोबर और जवा लगाने का काम तथा कोहबर बनाने का काम जिसका विवाह हो रहा है, उसकी बुआ को करना चाहिये। ☐ कलश में जल घर की कहारिन को भरना चाहिये।

☐ कलश के भीतर १ खड़ी हरदी, १ सुपारी, द्रव्य और आम की पत्ती छोड़कर उसके ऊपर जवा से भरा एक पियाला रखे।

☐ जवा के पियाले पर चकरी के दिन जो दिया बनाया गया था, वही दिया जलाकर रखे।

☐ साथ ही कलश के आगे चकरी वाले दिन बनाई गई गौर-सुपारी रखे।

# कलश-पूजा विधि

☐ जिसका विवाह हो रहा है उसके माता-पिता पूरब की ओर मुँह करके बैठे और गौर गणेश कलश की पूजा करें।

☐ अपने ऊपर जल छिड़के। आचमन करे। स्वस्तिवाचन मंगलश्लोक पाठ करें (देखें पृष्ठ ८-६)।

☐ फिर प्रतिज्ञा संकल्प करें---

**अद्य अमुक गोत्रः अमुक नाम स्व (पुत्रस्य / कन्यायाः) करिष्यमाण विवाहांग भूतं कलश स्थापनं पूजनं मातृका पूजनं नान्दीमुखश्राद्धादिकं च कर्माहं करिष्ये।**

☐ **इसके बाद पूर्व पृष्ठ में (११ से १८ तक) लिखी विधि से गौर-गणेश-कलश का पूजन करे.**

कन्या तेल वर के तेल से २ तेल ज्यादा होते हैं।

## तेल

लेपन - सोम, बुध, शनि,
रवि को पुष्प, गुरु को दुर्वा, मंगल को गंगारज, शुक्र - गाय गोबर

☐ वर या कन्या के हाथ में चावल, गुड़, सिन्दूर की डिबिया रखकर कोहबर से मण्डप में ले आवें।

☐ उसे पूर्व मुख बिठाकर आचमन करावे और उसके ऊपर जल छिड़के।

**ओम् अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थांगतोऽपिवा। यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं सबाह्याभ्यन्तरः शुचि॥**

☐ आचमन मन्त्र--- **ओम् माधवायनमः। ओम् नारायणायनमः। ओम् केशवायनमः।**



☐ उसके हाथ में अक्षत-पुष्प देकर "सुमुखश्चैकदन्तश्च" मन्त्र पढ़े (मन्त्र पृष्ठ ९-१० में लिखा है)।

☐ गौर-गणेश-कलश के ऊपर ऐपन-सिन्दूर-अक्षत-पुष्प छुड़वा दे।

● **तेल चढ़ावें। ● विधि--**

☐ कड़ू तेल में सूखी पीसी हल्दी डालकर दूब से पहले ब्राह्मण चढ़ावें।

☐ फिर ५ कुमारी कन्याएँ वर अथवा कन्या को ५-५ बार लगावें।

☐ तेल चढ़ाने के समय वर या कन्या के हाथ में गुड़-चावल-सिन्दूर की डिबिया रख दे।

☐ तेल दोनों पैर की अँगुलियों में, पैर के घुटने में, हाथ की कलाई और घुटने में, दोनों कन्धों पर और माथ में लड़कियों को ५-५ बार छुवाना चाहिए। पाँचों जगह छुवाकर दूब को चूमना चाहिए।

☐ लड़कियाँ तेल चढ़ा लें तो हाथ का चावल-गुड़ उस लड़की को दे दें।

☐ इसी तरह पाँचों कन्या को अलग-अलग गुड़-चावल देना चाहिए। ☐ तेल चढ़ाने का मन्त्र----

**ओम् काण्डात् काण्डात् प्रोहन्ति परुषः परुषस्परि। एवानो दूर्वे प्रतनु सहस्रेण शतेन च॥**

☐ इसके बाद नाइन या सोहागवती स्त्री तेल को मल दे।

☐ ब्राह्मण कंगन बाँधे। ☐ कंगन विधि----

□ ५ पीले कपड़े के टुकड़े में राई-नमक-आटे का चोकर रखकर पुटली बना दे और कलाई से बाँध दे फिर कन्या अथवा वर से उसकी पूजा करा दे।

□ १ पुटली तथा लोहे की अँगूठी वर के दाहिने एवं कन्या के बायें हाथ में बाँध दे। □ मंत्र---

**ओम् येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वां प्रति वध्नामि रक्षे माचल माचल॥**

□ बाकी ४ में से १ खम्भा में, १ कलश में, १ पीढ़ा में, १ गेडुआ (पूजाजलपात्र) में बाँधना चाहिए।

□ ब्राह्मण को तेल-कंगन की दक्षिणा और नाई को न्यौछावर दे।

□ कन्या या वर के हाथ में सिन्दूर की डिब्बी देकर उसे कोहबर में ले जाय और उसे दही-बताशा खिलावें।

□ कोहबर में ले जाते समय जल की धार देता रहे।

## पून-पुनौती

□ सिल पोहने के पहले कन्या या वर की माता ५ सोहागवती स्त्रियों के साथ जाकर कुआँ या तालाब या नदी पूजें, मिट्टी खोदें और अपने आँचल में थोड़ी सी मिट्टी लेती आवें।

□ मण्डप में माता आकर पश्चिम मुख खड़ी हो □ कन्या पिता अथवा वर पिता को पूर्व मुख खड़ा कर उसके दुपट्टे में उस मिट्टी को ५ बार अदला-बदली करे।



□ इसी को पून-पुनौती कहते हैं। इसी मिट्टी से विवाह के लिए सिलनी या चूल्हा बनाना चाहिए।

## सिल पोहना

□ माता-पिता दोनों मण्डप के नीचे कलश के उत्तर आमने-सामने बैठ कर गाँठ बाँधकर सिल पोहें।

- **सिल पोहने की विधि---**

□ २ सिल, २ लोढ़ा सामने रखकर दोनों का ऊपरी हिस्सा मिला दे।

□ सिल लोढ़े पर ५-५ जगह ऐपन, सेंदुर लगावें। अक्षत-गुड़ रखें।

□ उरद और चने की भीगी हुई दाल थोड़ी-थोड़ी दोनों सिल पर रखकर पीसे।

□ दाल पीसते समय दोनों के ऊपर चुनरी या पीली धोती डाल दे।

□ ५ बार पीसकर दोनों उठें और घूमकर एक-दूसरे के सिल पर जा-जाकर दाल पीसें।

□ घूमते समय लोढ़ा नहीं छोड़ना चाहिए, एक-दूसरे के लोढ़े को पकड़ लेना चाहिए।

□ इसी तरह ५ बार घूमें। बाद में दोनों सिल की दाल एक पर रखकर पत्नी को पीसना चाहिए।

□ पीसने के बाद चुनरी हटाकर दोनों कलश के सामने बैठकर देव-पितरों की पूजा करें।

## मन्त्री पूजा

☐ सिल पोहने के बाद दोनों पति-पत्नी कलश के सम्मुख पूर्व की ओर मुँह करके बैठें और पहले मातृका पूजन करें।

- **वन्दनवार पूजन---**

☐ आम्रपल्लव का वन्दनवार सामने रखकर उस पर अक्षत छोड़ते हुए यह मन्त्र पढ़ें---

**ओमु धात्र्यैनमः । धात्रीमु-आवाहयामि-स्थापयामि-पूजयामि ।**
**ओमु विधात्र्यैनमः । विधात्रीमु-आवाहयामि-स्थापयामि-पूजयामि ।।**

☐ वन्दनवार पर जल ऐपन सेंदुर अक्षत फूल चढ़ाकर द्वार तथा मण्डप में बाँधने के लिए नाई को दे दें।

- **तृण मातृका पूजन---**

☐ सरपत की ५ तिकोनी तिपखी बनवाकर उसे कलाई से बाँधे और उस पर गोबर की २-२ पिण्डी लगाकर पूजा करें। अक्षत छोड़कर आवाहन करें---

**ओमु वासिष्ठी नन्दिनी नन्दा वसुदेवा च भार्गवी। जया च विजया चैव सप्तैतास् तृणमातरः ।।**

 ☐ ऐपन सेंदुर अक्षत आदि छोड़कर पूजा करके पाँचो खम्भे में बाँध दें।

- **मण्डप मातृका पूजन---**

☐ अक्षत लेकर मण्डप में चारों ओर छिड़कें। मन्त्र---

**ओमु नन्दिनी नलिनी मैत्री उमा च पशुवर्द्धिनी। आग्नेयादि क्रमेणैताः पंच मण्डप मातरः ।।**

☐ फिर मण्डप में चारों ओर जल-ऐपन-अक्षत-पुष्प छिड़क दे।

- **स्थल मातृका पूजन---**

☐ कलश के पास एक पियाला रखकर उसमें अक्षत छोड़ते हुए स्थल मातृका का आवाहन करें----

**ओमु ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारी वैष्णवी तथा। वाराही चैव माहेन्द्री चामुण्डाः स्थल मातरः ।।**

☐ जल, ऐपन, सेंदुर, अक्षत, फूल चढ़ाकर पूजा करें।

- **कोहबर की पूजा---**

☐ कोहबर ऐसी दीवाल में बनानी चाहिए कि कन्या-वर के बैठने पर शुक्र पीछे पड़े। अर्थात् यदि शुक्र पूरब में है तो पश्चिम की ओर कन्या-वर का मुँह रहेगा।

☐ जहाँ कोहबर बनाना हो, १ हाथ लम्बी और १६ अंगुल चौड़ी जगह को गेरू से रँग दें।

☐ बीच में गोबर की १६ पिण्डी लगा दें।

☐ द्वार पर-- कोहबर के बाहर दरवाजे पर दोनों ओर ८ अँगुल लम्बी ६ अँगुल चौड़ी जगह गेरू से रंग कर दाहिनी ओर ७, बाँयी ओर ५ गोबर की पिण्डी लगावें।

☐ कहीं-कहीं दाहिनी ओर ३ और बाँयी ओर २ ही पिण्डी लगती है।

☐ द्वार-मातृका पूजन----पहले दायीं फिर बायीं ओर अक्षत छोड़कर आवाहन करें----

(१) मन्त्र--- **लक्ष्मी सरस्वती चैव गंगा च यमुना तथा।**
**काली कपालिनी रौद्री सप्तैता द्वार मातरः ।।**

(२) मन्त्र--- **जयन्ती विजया नामा शोभना पिंगला तथा।**
**भद्रकाली प्रपूज्या वै पंचैता द्वारमातरः ।।**

☐ फिर दोनों ओर जल-ऐपन-सेंदुर-अक्षत-फूल और गुड़ चढ़ाकर पूजा करें।

☐ भीतर कोहबर में जाकर पूजा करे। अक्षत लेकर गोबर की पिण्डी पर छिड़कें। ☐ मन्त्र---

**ओम् गौरी पद्मा शची मेधा सावित्री विजया जया। देवसेना स्वधा स्वाहा मातरो लोकमातरः ।।**
**धृतिः पृष्टिः तथा तुष्टिः आत्मनः कुलदेवता। गणेशेनाधिका ह्येता वृद्धौ पूज्याश्च षोडश ।।**

☐ फिर जल-ऐपन-सेंदुर आदि से पूजा करे। घी की धार दें---



☐ पति-पत्नी दोनों अपने-अपने बाल कोहबर दीवाल में छुवा दें और नाउन घी की धार दे।

☐ धार देने का मन्त्र---

**ओम् वसोः पवित्र मसि शतं धारं वसोः पवित्र मसि सहस्र धारम्।**
**देवस्त्वा सविता पुनातु वसोः पवित्रेण शत धारेण सुप्वा कामधुक्षः ।।**

☐ गुड़ लेकर उस घी की धार पर चिपका दें।

☐ अक्षत छोड़कर उस घी की बनी धार की पूजा करें। ☐ मन्त्र---

**श्रीर्लक्ष्मी धृतिः मेधा पुष्टिः श्रद्धा सरस्वती। माँगल्येषु प्रपूज्यन्ते सप्तैता घृत मातरः ।।**

☐ इसके बाद अक्षत लेकर कोहबर में सब जगह अक्षत छोड़ें और यह मन्त्र पढ़े----

**कीर्तिर्लक्ष्मीधृतिर्मेधापुष्टिः श्रद्धाक्रियाः मतिः। बुद्धिर्लज्जावपुः शान्तिः तुष्टिः कान्तिः स्तथैव च।।**
**गृह मातर एतास्तु शुभं पूज्याश्चतुर्दश। मोदा चैव प्रमोदा च सुमुखा दुर्मुखा तथा।।**
**अविघ्ना विघ्नहर्त्रीच षडैताऽविघ्नमातरः। मत्सी कूर्मी च वाराही मांडुकी दर्दुरी तथा।।**
**जलौकी सोमपा चैव सप्तैता जल मातरः। क्षमा सत्या च सीता च पार्वती भुवनेश्वरी।।**
**पद्माक्षी पद्मवदना सप्तैता मध्यमातरः। कल्यानि प्रयच्छन्तु सकुटुम्बस्य मे सदा।।**

☐ अक्षत छोड़ने के बाद कोहबर में चारों ओर ऐपन-सेंदुर लगाकर पूजा करें।

☐ घी-गुड़ की अग्यारी कर। हाथ जोड़कर प्रार्थना करें। ☐ प्रार्थना मन्त्र----

**कुर्वन्तु मातरः सर्वा गौर्याद्या मम मंगलम्। लक्ष्मीं तन्वन्तु मद्गेहे शुभ कार्याणि सर्वदा।।**

☐ इसके बाद मण्डप में जाकर देव-पितृ-निमन्त्रण व नान्दीमुखश्राद्ध करना चाहिए।

## देव-पितृ-निमन्त्रण

☐ मण्डप में पूर्वमुख बैठ कर सामने पीली हल्दी से रँगी हुई २ करई तथा २ पियाला रख लें।

☐ १ करई को १ पियाले से बायें हाथ से आधा ढँक ले। करई का आधा मुख खुला रहे।

☐ यजमान दाहिने हाथ से २-२ दाना अक्षत छोड़ता रहे। ब्राह्मण मन्त्र पढ़े---

१. **ओम् गौर्यै नमः। गौरीम् निमंत्रयामि।**

२. **ओम् गणत्यादि-पंचलोकंपाल-इन्द्रादि दशदिक्पाल-अधि-प्रत्यधि सहित सूर्यादिनवग्रहेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**

३. **ओम् स्कन्दादि बालग्रहेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**

४. **ओम् सर्वेभ्यः पंचाशत क्षेत्रपाल-चतुः षष्टि योगनी-एकाशीति वास्तुदेवेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**



५. **ओम् स्वेष्टकुल देवेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**

६. **ओम् स्वेष्ट देवेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**

७. **ओम् स्ववास्तुदेवेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**

८. **ओम् स्वग्रामदेवेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**

९. **ओम् स्व क्षेत्र देवेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**

१०. **ओम् त्रयस्त्रिंशत कोटि संख्यकेभ्यो देवेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**

११. **ओम् सर्वेभ्यः चतुर्दशलोकेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**

१२. **ओम् सर्वेभ्यो द्वात्रिंशत् कल्पेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**

१३. **ओम् सर्वेभ्यो मन्वन्तरेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।**

१४. **ओम् सर्वेभ्यो युग-काल-समय-सम्वत्सर-अयन-ऋूतु-मास-पक्ष-तिथि-नक्षत्र योग-करण-लग्न मुहूर्त-राशि-दिवसेभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।**

१५. **ओम् सर्वेभ्यो द्वात्रिंशत संख्यकेभ्यो रात्रि-दिवस मुहूर्तेभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।**

१६. **ओम् सर्वाभ्यो वीथीभ्यो नमः। सर्वाः एताः निमंत्रयामि।**

१७. ओम् सर्वेभ्यो पंचक्रोशी-नवखण्डेभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

१८. ओम् सर्वेभ्यो द्वीपेभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

१९. ओम् सर्वेभ्यो सागरेभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

२०. ओम् सर्वाभ्यो नदीभ्यो नमः। सर्वाः एताः निमंत्रयामि॥

२१. ओम् सर्वेभ्यः पर्वतेभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

२२. ओम् सर्वेभ्योऽरण्येभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

२३. ओम् सर्वाभ्यः पुण्यपुरीभ्यो नमः। सर्वाः एताः निमंत्रयामि।

२४. ओम् सर्वेभ्यो वनस्पतिभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

२५. ओम् सर्वेभ्योऽष्टनिधिभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

२६. ओम् सर्वेभ्यः कश्पादि ऋषि-प्रजापति-मनु पुत्र-विश्वेदेव-आदित्य-रुद्र-अष्टवसु-देवगणेभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

२७. ओम् सर्वाभ्यः लोकमातृभ्यो नमः। सर्वाः एताः निमंत्रयामि।

२८. ओम् सर्वाभ्यः अरुन्धती-आदि धर्मपत्नीभ्यो नमः। सर्वाः एताः निमंत्रयामि।



२९. ओम् सर्वाभ्यः षोडश मातृभ्यो नमः। एताः सर्वाः निमंत्रयामि।

३०. ओम् सर्वाभ्यः घृतमातृ-स्थलमातृ तथा चान्यमातृभ्यो नमः। एताः सर्वाः निमंत्रयामि।

३१. ओम् सर्वाभ्यः सुषुप्तादि अवस्थाभ्यो नमः। एताः सर्वाः निमंत्रयामि।

३२. ओम् सर्वेभ्यः सत्त्व-रजादि गुणेभ्यो नमः। एताः सर्वाः निमंत्रयामि।

३३. ओम् सर्वेभ्यो हरिकेशादि सूर्यरश्मि-गायत्री-आदि छन्द-निरुक्तादि स्वरेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।

३४. ओम् सर्वेभ्यः पंचतत्त्वेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।

३५. ओम् सर्वेभ्यः त्रैलोक्यस्थ चराचर भूतेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।

- ☐ इतना पढ़कर करई को पियाले से पूरा ढँक दे।
- ☐ स्त्री को दे दे और स्त्री जो दाल पीसी है, उसी पीठी से अच्छी तरह उसे बन्द कर दे।
- ☐ ऊपर से ऐपन-सेंदुर लगा दे। **इसके बाद—**
- ☐ दूसरी करई फिर उसी तरह लेकर आधा मुँह ढँक कर २-२ दाना अक्षत छोड़े।
- ☐ ब्राह्मण मन्त्र पढ़ें------

१. सर्वेभ्यः मेघ-पुष्करादि पर्जन्येभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।

२. ओम् सर्वेभ्यः समानादि वायुभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

३. ओम् सर्वेभ्यः पशुभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।

४. ओम् सर्वेभ्यो मीनक-पिप्पलादि दंशशील जीवेभ्यः तथा च रोमज-पोतज-पिच्छलादि जलद स्वेदज जीवेभ्यः एवं च मीना-माता जलौकादि-जलजन्तु जीवेभ्यः शेष-वासुकी-धनंजयादि नागेभ्यः हरिषेणसुषेणादि- किन्नरेभ्यः चित्रसेन-उग्रसेनादि गन्धर्वेभ्यश्च नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

५. ओम् पूर्णभद्र-हेमरथादि गुह्यकेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।

६. ओम् सूर्य तेज सुमन्ददि यक्षेभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

७. ओम् सर्वाभ्यः तिलोत्तमा-उर्वशी मेनका-वसुमती-आदि अप्सराभ्यो नमः। एताः सर्वाः निमंत्रयामि।

८. ओम् सर्वेभ्यो यातुधान-जम्बुकादि राक्षसेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।

९. ओम् पूतना-भद्रकादि राक्षसीभ्यो नमः। एताः सर्वाः निमंत्रयामि।

१०. ओम् शंकुकर्णादि दानवेभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।



११. ओम् शतगाल-कालनामादि असुरेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।

१२. ओम् छगल-वक्रादि पिशाचेभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

१३. ओम् आवेशक-निवेशक-कालयवनादि भूतगणेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।

१४. ओम् सर्वेभ्यो मरुद्गणेभ्यो नमः। सर्वान् एतान् निमंत्रयामि।

१५. ओम् सिकता-पृश्निज-अज-श्रृंगिन-उपहूत-वसदस्यु-पुरुकुत्स-सौम्य-पंचाब्द-वैराजादि पितर गणेभ्यो नमः। एतान् पितृ गणान् निमंत्रयामि।

१६. ओम् पैतृक विश्वेभ्यो देवेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।

१७. ओम् मद् हस्ताधिकारिभ्यःसमस्त देव-पितृगणेभ्यो नमः। एतान् सर्वान् निमंत्रयामि।

- ☐ इतना पढ़कर इस करई को भी पियाले से बन्द कर बगल बैठी पत्नी को दे।
- ☐ पत्नी पीठी से करई को बंद कर ऐपन-सेंदुर लगा दे।
- ☐ पति-पत्नी अक्षत पुष्प लेकर प्रार्थना करे।

अमूर्तानां समूर्तानां पितृणां दीप्ततेजसाम्। नमस्यामि सदातेभ्यो ध्यानिभ्यो योगचक्षुषः॥
इन्द्रादीनां जनयितारो भृगुमारीचयोस्तथा। सप्तर्षीणां पितृणां चैव तान् नमस्यामि कामदान्॥
मन्वादीनां सुरेशानां सूर्याचन्द्रमसोस्तथा। तान् नमस्कृत्य सर्वान्वै पितॄन् कुशल दायकान्॥

नक्षत्राणां चरादीनां पितॄनथ पितामहान्। द्यावा-पृथिव्योश्चैव तथा नमस्यामि कृतांजलिः॥
देवर्षीणां जनयितांश्च सर्वलोक नमस्कृतान्। अभयस्य सदा दन्न नमस्येऽहं कृतांजलिः॥
प्रजापतये कश्यपाय सोमाय वरुणाय च। योग योगेश्वरेभ्यश्च नमस्यामि कृतांजलिः॥
पितृगणेभ्यः सप्तेभ्यो नमो लोकेषु सप्तसु। स्वयं भुवे नमश्चैव ब्रह्मणे योग चक्षुषे॥
देव दानव गन्धर्वा यक्ष राक्षस पन्नगाः। ऋषयो मुनयो गावो देव मातर एव च॥
योगिनः क्षेत्रपालाश्च सर्वे यत्र समागताः। नगरे वाथ ग्रामे वा अटव्यां सरितस्तथा॥
त्रैलोक्ये यानि भूतानि स्थावराणि चराणि च। ते सर्वे चैव सन्तुष्टाःशुभं कुर्वन्तु मे सदा॥
शरणागतोऽस्म्यहं तेषां सर्वे ते मम सुप्रदाः। पूजां गृह्णीत मद्दत्तां सर्वदा मे प्रसीदत॥
सर्वकार्याणि कुर्वन्तु दोषांश्च घ्नन्तु मे सदा। सर्वे वैवाहिके रक्षां प्रकुर्वन्तु मुदान्विताः॥

☐ फूल दोनों करई के ऊपर छोड़ दे। इसके बाद नान्दीमुख श्राद्ध करे।

## नान्दीमुख श्राद्ध

☐ १ पत्तल में ऐपन से ४ खाना बनाकर सामने रखे।

☐ दाहिने हाथ में जल-अक्षत लेकर प्रतिज्ञा संकल्प करे।

ओम् अद्य शुभ पुण्य तिथौ गोत्रः नामाऽहम् मम पुत्रस्य (कन्यायाः)
कर्त्तव्य माण विवाहांग विधौ नान्दीमुख श्राद्धं च करिष्ये।



☐ संकल्प पढ़कर हाथ का जल-अक्षत सामने भूमि पर छोड़ दे।

☐ फिर क्रमशः ४ बार हाथ में जल ले-लेकर निम्न मन्त्रों को पढ़ता हुआ--

☐ पत्तल पर क्रमशः १-१ खाने में छोड़े।

१. ओम् सत्य वसु संज्ञकाः विश्वेदेवाः युग्मरूपाः नान्दीमुखाः
भूर्भुवः स्वः इदं वः पाद्यं पादावने जनं पाद प्रक्षालनं वृद्धिः॥

२. ओम् स्वगोत्राः पितृ पितामह प्रपितामहाः नान्दी मुखाः
भूर्भुवः स्वः इदं वः पाद्यं पादावने जनं पाद प्रक्षालनं वृद्धिः॥

३. ओम् स्वगोत्रा मातृ पितामही प्रपितामह्यः नान्दीमुखाः।
भूर्भुवः स्वः इदं वः पाद्यं पादावने जनं पाद प्रक्षालनं वृद्धिः॥

४. ओम् द्वितीय गोत्राः मातामह प्रमातामह वृद्धप्रमाता महाः सपत्नीकाः
नान्दीमुखाः भूर्भुवः स्वः इदं वः पाद्यं पादावने जनं पाद प्रक्षालनं वृद्धिः॥

☐ फिर १-१ दूब लेकर क्रमशः चारों खानों मे छोड़े----

१. ओम् सत्य वसुसंज्ञकानां विश्वेषां देवानां युग्मरूपाणां नान्दीमुखानां भूर्भुवः स्वः इदमासनं
सुखासनं स्वाहा संपद्यतां वृद्धिः।

२. ओम् स्वगोत्राणां पितृ पितामह प्रपितामहानां नान्दीमुखानां भूर्भुवः स्वः इदमासनं सुखासनं स्वाहा संपद्यतां वृद्धिः।

३. ओम् स्वगोत्राणां मातृपितामहीप्रपितामहीनां नान्दीमुखानां भूर्भुवः स्वः इदमासनं सुखासनं स्वाहा संपद्यतां वृद्धिः।

४. ओम् द्वितीय गोत्रा मातामह-प्रमातामह-वृद्धप्रमाता महाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः भूर्भुवः स्वः इदमासनं सुखासनं स्वाहा संपद्यतां वृद्धिः।

☐ इसके पश्चात् चारों खाने में ऐपन-अक्षत-पुष्प छोड़ें। ☐ मन्त्र----

गन्धाः पान्तु, अक्षताः पान्तु, पुष्पाणि पान्तु। इदं गन्धार्चनं स्वाहा संपद्यतां वृद्धिः।

☐ इसके बाद---अक्षत-दही-शहद-दूब-बैर की पत्ती----इन सबको मिलाकर थोड़ा-थोड़ा चारों खानें में क्रमशः छोड़ें। ☐ मन्त्र-----

१. ओम् सत्यवसु संज्ञकाः विश्वेदेवा देवताः युग्मरूपाः नान्दीमुखाः भूर्भुवः स्वः मद्गदत्तैः एतैस्तण्डुल दधि मधु दूर्वा बदरी पत्रैः कल्याणं नः संपद्यतां वृद्धिः।

२. ओम् स्वगोत्राः पितृ पितामह प्रपितामहाः नान्दीमुखा, भूर्भुवः स्वः एतैस्तण्डुल दधि मधु दूर्वा बदरी पत्रैः कल्याणं नः संपद्यतां वृद्धिः।



३. ओम् स्वगोत्राः मातृ पितामही प्रपितामह्यः नान्दीमुखाः भूर्भुवः स्वः एतैस्तण्डुल दधि मधु दूर्वा बदरी पत्रैः कल्याणं नः संपद्यतां वृद्धिः।

४. ओम् द्वितीय गोत्राः मातामह प्रमातामह वृद्ध प्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः भूर्भुवः स्वः एतैस्तण्डुल दधि मधु दूर्वा बदरी पत्रैः कल्याणं नः संपद्यतां वृद्धिः।

☐ इसके बाद चारों के लिए हाथ में दूब-जल और द्रव्य लेकर नीचे लिखा मन्त्र पढ़ें----

ओम् भूर्भुवः स्वः इदमामान्न निष्क्रय भूतं द्रव्य ममृत रूपेण स्वाहा संपद्यतां वृद्धिः।

☐ इसके बाद हाथ में जल लेकर छोड़े----

ओम् नान्दी मुखाः प्रीयन्ताम्। ओम् नान्दीमुख्यः प्रीयन्ताम्।
ओम् शिवा आपः सन्तु। ओम् अघोराः पितरः सन्तु॥

☐ इसके बाद हाथ जोड़कर प्रार्थना करे। ☐ मन्त्र----

ओम् गोत्रन्नो वर्द्धतां दातारो नोऽभिवर्धन्तां सन्ततिरेव च।
श्रद्धा च नो मा व्यगमद बहु देयं च नोऽस्तु॥
अन्नम् च नो बहु भवेद तिथींश्च लभे महि।
याचितारश्च नः सन्तु मा च याचिष्म कंचन॥
एताः सत्या आशिषः सन्तु॥

माता पितामही चैव तथैव प्रपितामही। पिता पितामहश्चैव तथैव प्रपितामहः ।।
माता मह स्तत् पिता च प्रमाता महकादयः। एते भवन्तु सुप्रीताः प्रयच्छन्तु च मंगलम् ।।

□ इसके बाद ब्राह्मण को दक्षिणा और नाई को न्यौछावर दे।

□ ब्राह्मण यजमान के माथ में तिलक करे। पत्नी गौर से सुहाग ले।

□ दोनों की बँधी हुई गाँठ खोल दे। दोनों मण्डप से उठ कर दही-बतासा खावें।

## द्वार पूजन

□ वर के आने पर कन्या का पिता पहले वर के माथे में दही-चावल का टीका लगाकर आरती करें।

□ फिर हाथ पकड़कर आसन पर बिठावें।

□ वर पूर्व की ओर कन्या का पिता पश्चिम की ओर मुँह करके बैठे।

□ दोनों यथाविधि गौरी-गणेश-कलश-नवग्रह की पूजा करे।

- **पूजा विधि---**

□ दोनों अपने-अपने ऊपर जल छिड़कें।

**ओमु अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थांगतोऽपिवा।**
**यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं सबाह्याभ्यन्तरः शुचिः ।।**



□ दोनों आचमन करें।

**ओम् नारायणायनमः। ओम् केशवायनमः। ओम् माधवायनमः।**

□ दोनों हाथ धोकर अक्षत-पुष्प लें और ब्राह्मण स्वस्तिवाचन तथा मङ्गलपाठ करें।

( स्वस्तिवाचन मङ्गलपाठ मन्त्र पृष्ठ ५-६ में लिखा है। ) तथा तिलक और कलावा

□ कुश-अक्षत-द्रव्य-जल लेकर दोनों प्रतिज्ञा संकल्प करें। □ कन्या पिता का संकल्प---

**ओम् अद्य शुभ पुण्य तिथौ अमुक गोत्रः अमुक नामाऽहं मम ( कन्या का नाम लेकर ) कन्यायाः विवाहांगभूत द्वारपूजनाख्ये कर्मणि शुभता सिद्धयर्थम् गणेशादीनां पूजनम् वर पूजनञ्चाहं करिष्ये।**

□ वर का संकल्प---

**अद्य शुभ पुण्य तिथौ स्वकीय विवाहांगभूत द्वारपूजनाख्ये कर्मणि शुभता सिद्धयर्थम् गणेशादीनां पूजनमहम् करिष्ये।**

□ पूर्व पृष्ठ ११ से २३ तक में लिखी विधि से गौर-गणेश-कलश-षोडशमातृका-नवग्रह की पूजा करे।

**तत्पश्चात्---**

□ वर और कन्यापिता दोनों ब्राह्मणों के माथ में तिलक करें और वरण संकल्प करें।

अद्य शुभ पुण्य तिथौ अमुक गोत्रः अमुक नामाऽहम् अस्मिन् द्वारपूजनाख्ये कर्मणि शुभता सिध्यर्थम् अमुक गोत्रं अमुक नामकम् ब्राह्मणम् त्वामहं वृणे।

☐ ब्राह्मण वरण लेकर कहे---- वृतोऽस्मि

## वर-पूजन

☐ इसके बाद कन्यापिता वर की पूजा करे। ☐ पहले वर का दोनों पाँव धोवे।

**ओम् विराजो दोहोऽसि विराजो दोह मशीय मयि पाद्यायै विराजो दोहः।**

☐ पाँव पर अक्षत छोड़कर---माथ में तिलक करें।

**ओम् कस्तूरी तिलकं ललाट पटले वक्षस्थले कौस्तुभम्।**
**नासाग्रे वर मौक्तिकम् करतले वेणुः करे कंकणम्।।**
**सर्वाङ्गे हरिचन्दनं सुललितम् कण्ठे च मुक्तावली।**
**गोपस्त्री परिवेष्टितो विजयते गोपाल चूड़ामणिः।।**

☐ माला पहिनावे।

**ओम् याऽआहरज्जमदग्निःश्रद्धायै मेधायै कामा येन्द्रियाय।**
**ताऽअहम् प्रतिगृह्णामि यशसा च भगेन च।।**



☐ इसके बाद कन्यापिता कुश-अक्षत-जल के साथ वर को जो द्रव्य आदि देना हो उसे हाथ में लेकर संकल्प करें-----

**ओम् अद्य विशेषण विशिष्टायां शुभपुण्य तिथौ अमुक गोत्रः अमुक नामाऽहम् मम अमुकी नाम्नी कन्याया विवाहांगभूत द्वार पूजने इदं द्रव्यादिकम् अस्मै सुपूजिताय अमुक गोत्राय अमुक नाम्ने वराय पात्राय श्रेष्ठाय तुभ्यमहंसम्प्रददे।।**

☐ यह कहकर द्रव्य आदि वर के हाथ में दे दे, वर उसे लेकर माथ लगावे।

### दुर्गा-जनेऊ---

☐ इसके बाद 'दुर्गा-जनेऊ' संस्कार होता है।

☐ कन्या का भाई अपने पिता के आगे बैठकर ऊपर जल छिड़के, आचमन करे।

☐ अक्षत-पुष्प लेकर गौर-कलश पर छोड़ दे। हाथ में कुश-द्रव्य और जनेऊ लेकर निम्न संकल्प पढ़े--

**संकल्प– अद्य अमुक गोत्रः अमुक नामकोऽहं स्वभगिन्याः विवाहांगभूत द्वारपूजनाख्ये कर्मणि इमे यज्ञोपवीते द्रव्यादि सहिते अस्मै अमुक गोत्राय अमुक नामकाय वराय पात्राय श्रेष्ठाय तुभ्यं सम्प्रददे।**

☐ संकल्प करके जनेऊ और रुपया वर के हाथ में दे दे।

☐ वर उसे लेकर माथ लगाये और जनेऊ ब्राह्मण को दे दे।

☐ ब्राह्मण आदि ५ व्यक्ति मिलकर वर को वह जनेऊ पहना दे। जनेऊ पहनने का मन्त्र----

**ओम् यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापते र्यत् सहजं पुरस्तात।**
**आयुष्य मग्रं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बल मस्तु तेजः।।**

☐ वर २ बार आचमन करे। कन्या का भाई और वर दोनों खड़े होकर गले मिलें।

☐ दोनों एक दूसरे को पान खिलावें। बैठकर नाई को न्यौछावर---ब्राह्मण को दक्षिणा दें।

☐ हाथ जोड़कर प्रार्थना करें। **ओम् यान्तु देव गणाः सर्वे पूजामादाय मामकीम्।**
**इष्टकामार्थ सिध्यर्थम् पुनरागमनाय च।।**

## चढ़ाव

☐ कन्या के हाथ में चावल-गुड़-सिन्दूर की डिबिया रखकर मण्डप ले आवे, मण्डप में कन्या के आते समय मन्त्र पढ़े--

**ओम् सर्वमङ्गल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बिके गौरि नारायणि नमोऽस्तुते।।**

☐ कन्या को आसन पर बैठाकर उसके ऊपर जल छिड़के।

**ओम् अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थांगतोऽपिवा। यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षंसबाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।**



☐ तीन बार आचमन करावे।

**ओम् नारायणायनमः। ओम् केशवायनमः। ओम् माधवायनमः।।**

☐ कन्या के हाथ में अक्षत - पुष्प देकर स्वस्तिवाचन करे। मन्त्र पूर्व पृष्ठ (५-६) में लिखा है।

☐ कन्या के हाथ में कुश-अक्षत और जल देकर संकल्प पढ़े। प्रतिज्ञा संकल्प--

**अद्य शुभ पुण्यतिथौ अमुक गोत्रा अमुकी नाम्नी स्व विवाहांगभूत रक्षा**
**सूत्र सौभाग्य वस्तु ग्रहण कर्मणि शुभ सौभाग्य सिध्यर्थम् पूर्वावाहित**
**गौरी - गणपति वरुणादि देवानां पूजनमहं करिष्ये।**

☐ इसके बाद गौरी - गणपति तथा कलश की पूजा करे।

☐ पूजा विधि पूर्व पृष्ठ (१४ से १७ तक) में लिखी है।

☐ चढ़ाव सामग्री पूजन।

☐ वर पक्ष से आये चढ़ाव के सामान पर अक्षत-पुष्प कन्या छोड़े।

☐ ब्राह्मण ताक-पाट लेकर कलश में छुवाकर कन्या के पहले बायें फिर दाहिने हाथ में बाँधे।

**ओम् येन बद्धो वली राजा दानवेन्द्रो महाबलः।**
**तेन त्वां प्रतिबध्नामि रक्षे माचल माचल।।**

☐ माथ में मौरी लगावे।

**ओम् शुभिके शिर आरोह शोभयन्ती मुखं मम।।**

☐ अंजुलि भरे

☐ वर पक्ष से गुड़-चावल-हल्दी-सुपारी-फल-भाँटा-द्रव्य आदि सामग्री लेकर कन्या की पाँच बार अंजुलि भरेः--

**ओम् वागर्था विव संपृक्तौ वागर्थ प्रतिपत्तये। जगतः पितरौ वन्दे पार्वती परमेश्वरौ।।**

☐ अंजुलि भरने के बाद यह सामग्री दोनों ओर के ब्राह्मण, नाई और कहाँर में बाँट दे।

☐ जेठ (वर का बड़ा भाई) गोदी भरे

☐ जेठ अपने दुपट्टे में पंचमेवा, १ गरी का गोला तथा द्रव्य लेकर मण्डप में कन्या की ओर मुँह करके खड़ा हो।

☐ ब्राह्मण पहले जेठ के माथ में तिलक करे; फिर जेठ कन्या के आँचल में मेवा फल आदि डाल दे।
गोदी भरने का मन्त्र--- **ओम् मन्त्रार्थाः सफलाः सन्तु पूर्णाः सन्तु मनोरथाः।**
**शत्रूणां बुद्धि नाशोऽस्तु मित्राणाम् उदयस्तव ।।**

☐ जेठ दोनों हाथ में चावल लेकर कन्या के ऊपर छोड़ता हुआ आशीर्वाद दे।

**ओम् सौभाग्यमस्तु, ओम् आरोग्यमस्तु, ओम् कल्याणमस्तु।**



☐ नाई को न्यौछावर ब्राह्मण को दक्षिणा देने के बाद कन्या हाथ जोड़कर प्रार्थना करे।

**ओम् अन्यथा शरण्यं नास्ति त्वमेव शरणं मम।**
**तस्मात् कारुण्य भावेन रक्ष रक्ष परमेश्वर।।**

☐ इसके बाद कन्या के हाथ में सिंधोरा (काठ की सिन्दूर की डिबी जो चढ़ाव में वर पक्ष से आती है) देकर जल की धार देता हुआ कन्या को कोहबर में जाकर उसे दही बताशा खिला देना चाहिए।

• • •

सूत पूरण कार्य

☐ कार्य पिदन - मामा, पिता मामा

## विवाह प्रारम्भ

☐ वर को मण्डप में बुलावे

☐ कन्या पिता पाँव पूजने वाली नयी परात में दही-अक्षत रख कर

☐ आटा के बने ४ बत्ती के चौमुखे दीपक को (मानिक दिया) जला कर परात में रख ले।

☐ कन्यापिता परात को लेकर पश्चिम मुख खड़ा हो, वर को मण्डप में बुलावे।

☐ वर के आते समय ब्राह्मण शान्ति पाठ करें----

**ओम् द्यौः शान्तिरन् तरिक्ष ँ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्ति रोषधयः शान्तिर् वनस्पतयः शान्तिर् विश्वेदेवाः शान्तिर् ब्रह्म शान्तिः सर्व ँ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सामा शान्ति रेधि। सुशान्तिर् भवतु।।**

□ कन्यापिता--- वर के माथे में पारात में रखे दही-अक्षत का टीका लगावे।

**ओम् आदित्या वसवो रुद्रा विश्वे देवा मरुद् गणाः। तिलकं तु प्रयच्छन्तु धर्मकामार्थ सिद्धये।।**

□ आरती करे □ पारात में रखे मानिक दिया से वर की आरती करे।
(पारात को ही ५ बार घुमा कर आरती की जाती है।)

**ओम् मङ्गलं भगवान् विष्णुर्मङ्गलं गरुड़ध्वजः। मङ्गलं पुण्डरीकाक्षो मङ्गलाय तनो हरिः।।**

□ आरती करने के बाद : गानिक दिया वर के हाथ में दे दे। वर मानिक दिया लिये खड़ा रहे।

□ कन्यापिता अपने बाएँ हाथ में अक्षत लेकर दाहिने हाथ से वर के पाँव पर २-२ दाना अक्षत छोड़ता रहे। ब्राह्मण शाला मंत्र पढ़े---

**ओम् अथ वर माह उपानहौ उपमुंचतु अग्नौ हविर् देयो घृत कुम्भ प्रवेशः।**
**तत्र स्थितो वर होम्य दूरे धताद् वि सम्भ्रमः तस्माद् वरमाह उपानहौ उपमुंचते।।**

□ इस मन्त्र के बाद नाई वर के दाहिने पैर का जूता उतार दे। ब्राह्मण हो तो पहले दाहिने पैर का--- दूसरी जाति हो तो बाएँ पैर का जूता उतारे।

□ ब्राह्मण दूसरी शाला पढ़े--- कन्या पिता पाँव पर अक्षत छोड़ता रहे।

**ओम् अथ वाराहया उपानहौ उपमुंचते अग्नौ हविर् देया घृत कुम्भ प्रवेशयंचक्रुस्**
**ततो वराहः सम्भभूव तस्माद् वराहो गावः संजानते हृय मेद्यै**



**तदंश मभि संजाते स्वमे वैस् तत् पशूना मेहो तत् प्रतिष्ठन्ति तस्माद् वाराहय उपानहौ उपमुंचते।।**

□ नाई दूसरे पैर का जूता उतार दे। □ कन्या पिता वर के हाथ में रखे दीपक पर अक्षत छोड़े---

**ओम् अथैन् ँ शालां प्रपादयति सा प्रपादयन् वाचयति याते धामानि हविषा यजन्ति ताते विश्वा परिभूरस्तु। यज्ञं गयस्फानः प्रतरणः सू वीरो वीरहा प्रचारा सोम दुर्यानिति गृहा वैदुर्या गृहान्नः शिवः शान्तोऽपाप कृत प्रचरेत्त्ये वै तदाह।।**

□ नाई वर के हाथ से दीपक लेकर ईशान में रख दे।

□ वर के हाथ में पहने हुए वरायन को उतरवा दे।

□ पीढ़ा दे □ कन्या पिता नए पीढ़ा पर ५ जगह चावल रख कर उठावे।

□ वर तथा दोनों ब्राह्मण भी पीढ़ा को पकड़ लें और ३ बार गणेश जी को छुआ दें।

□ ब्राह्मण मन्त्र पढ़े-- **ओम् षडर्घ्या भवन्त्या चार्य ऋत्विग् वैवाहय्यो राजा प्रियः स्नातकः।।**

□ पीढ़ा का चावल गणेश जी के आगे गिरा दे। पीढ़ा को वर के बैठने की जगह रख दे।

□ कन्यापिता वर का दाहिना हाथ पकड़े : मन्त्र पढ़े--

**ओम् साधु भवानास्ताम्। अर्चयिष्यामो भवन्तम्।**

□ वर कहे-- **ओम् अर्चय।** □ कन्या पिता वर का दोनों हाथ पकड़कर पीढ़ा पर बिठा दे।



□ वर तथा □ कन्या पिता द्वारा पूजन, संकल्प, वरण ब्राह्मण, अगर जनेऊ ना हुआ तो जनेऊ पहनावे
पवित्री धारण, कलावा

☐ कन्यापिता स्वयं भी अपने स्थान पर बैठ जाय।

☐ कन्यापिता हाथ में कुशा या आम्रपल्लव ले ☐ विष्टर दे।

☐ ब्राह्मण पढ़े-- ओम् विष्टरो विष्टरो विष्टरः।

☐ कन्यापिता कहे--- ओम् विष्टरः प्रतिगृह्यताम्।

☐ वर कहे-- ओम् विष्टरः प्रतिगृह्णामि।

ॐ एतन्ते देव सवितर्यज्ञम्प्राहुर्बृहस्पतये ब्रह्मणे। तेन यज्ञमवतेन यज्ञपतिन्तेन मामव॥

ॐ यंब्रह्मा वेदान्तविदो वदन्ति परं प्रधानं पुरुषं तथाऽन्ये। विश्वोद्गतेः कारणमीश्वरं वा तस्मै नमो विघ्नविनाशनाय॥

☐ कन्यापिता वर के हाथ में कुशा या आम्रपल्लव दे दे।

☐ वर उसे लेकर अपने दाहिने पाँव के नीचे रख ले। [ ब्राह्मणेतर बाएँ पैर के नीचे रखे ]

☐ ब्राह्मण मन्त्र पढ़े-- ओम् वर्ष्मोऽस्मि समाना ना मुद्यतामिव सूर्यः।
इमं तमभि तिष्ठामि यो मा कश्चाभि दासति॥

☐ पाद्य दे-- ☐ कन्या पिता १ पियाला में जल ले :

ब्राह्मण मन्त्र पढ़े-- ओम् पाद्यं पाद्यं पाद्यम्।

☐ कन्यापिता कहे-- ओम् पाद्यं प्रतिगृह्यताम्।

☐ वर कहे-- ओम् पाद्यं प्रति गृह्णामि।

☐ कन्यापिता पियाला वर को दे दे : वर उसे लेकर अपने बाएँ हाथ में रखे।



☐ वर दाहिने हाथ से २ बूँद जल अपने पाँव पर छिड़क ले। ब्राह्मण मन्त्र पढ़े--
**ओम् विराजो दोहोऽसि विराजो दोह मशीय मयि पाद्यायै विराजो दोहः।**

☐ तिलक करे-- कन्यापिता हल्दी-अक्षत से वर के माथ में तिलक लगावे।

**ओम् कस्तूरी तिलकं ललाट पटले वक्षस्थले कौस्तुभम्।**
**नासाग्रे वर मौक्तिकं कर तले वेणुः करे कंकणम्॥**
**सर्वाङ्गे हरिचन्दनं सुललितं कण्ठे च मुक्तावली।**
**गोपस्त्री परिवेष्टितो विजयते गोपाल चूड़ामणिः॥**

☐ वर को माला पहना दे। **ओम् या आहरज् जमदग्निः श्रद्धायै कामा मेधायै येन्द्रियाय।**
**ताऽअहं प्रतिगृह्णामि यशसा च भगेन च॥**

☐ दूसरा विष्टर दे : कन्यापिता कुशा या आम्रपल्लव लेकर चुपचाप वर को दे दे।

☐ वर उसे लेकर अपने दूसरे पाँव के नीचे रख ले।

☐ अर्घ-- कन्यापिता १ पियाला में जल-दूब-अक्षत-फूल-रोंड़ी-चन्दन-हल्दी आदि रखकर अपने दाहिने हाथ में ले।

---

**टिप्पणी---** अर्घ-- लोकाचार में----कन्यादान वाले गेडुआ या लोटा को ही वर के चारों ओर तीन बार घुमाया जाता है।

☐ ब्राह्मण मन्त्र पढ़े--- ओम् अर्घो ऽअर्घो ऽअर्घः।

☐ कन्यापिता कहे--- ओम् अर्घः प्रतिगृह्य ताम्।

☐ वर कहे--- ओम् अर्घः प्रतिगृह्णामि।

☐ वर कन्यापिता के हाथ में जल का पियाला लेकर अपने माथे लगावे।

**ओम् आपःस्थ युष्माभिः सर्वान् कामान वापूनवानि।**

☐ पियाले का २ बूंद जल ईशानकोण में गिरा दे: पियाला कलश के पास रख दे।

**ओम् समुद्रं व प्रहिणोमि स्वां योनि मभि गच्छत। अरिष्टा ऽस्माकं वीरा मा परासेचि मत्पयः॥**

☐ आचमन--- कन्यापिता १ दूसरे पियाला में जल ले :

☐ ब्राह्मण मन्त्र पढ़े--- ओम् आचमनीयम्--आचमनीयम्---आचमनीयम्।

☐ कन्या पिता कहे--- ओम् आचमनीयं प्रतिगृह्यताम्।

☐ वर पियाला ले और कहे-- ओम् आचमनीयं प्रतिगृह्णामि।

☐ वर इस प्याले के जल से २ बार आचमन कर ले।

☐ आचमन का मन्त्र--- **ओम् आमागन् यशसा स ँ सृज वर्चसा तनू मा कुरु।**
**प्रियं प्रजाना मधिपतिं पशूना मरिष्टिं तनूनाम्॥**



☐ पियाला नाई लेकर मण्डप के बाहर फेंक दे।

☐ मधुपर्क ☐ कन्यापिता १ काँसे के पात्र में अथवा १ दोनिया या पियाला में दही-शहद-घी मिलाकर अपने बाएँ हाथ में रखे। दाहिने हाथ से उसे ढाँक ले।

वात कफ पित्त

☐ ब्राह्मण मन्त्र पढ़े--- ओम् मधुपर्को मधुपर्को मधुपर्कः।

☐ कन्यापिता कहे--- ओम् मधुपर्कम् प्रतिगृह्यताम्।

☐ वर उसे देखें और कहे--- ओम् मधुपर्कम् प्रतिगृह्णामि। ओम् मित्रस्यत्वा चक्षुषा प्रतीक्षे।

☐ कन्यापिता मधुपर्क वर के हाथ में दे। वर उसे लेकर बाएँ हाथ में रखे।

☐ ब्राह्मण मन्त्र पढ़े--- ओम् देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर् बाहुभ्याम् पूष्णो हस्ताभ्यां प्रतिगृह्णामि॥

☐ वर दाहिने हाथ की अनामिका (तीसरी) अँगूली तथा अँगूठा से मधुपर्क ३ बार मिलाकर सामने भूमि पर थोड़ा सा छिड़क दे।

**ओम् नमः श्यावास्या याऽन्न शने यत्त आविद्धं तत्ते निष्कृन्तामि।**

☐ वर - ३ बार मधुपर्क अपने मुख में लगा ले (प्राशन करे)।

**ओम् यन् मधुनो मधव्यं परम ँ रूप मन्नाद्यम्। तेनाहं मधुनो मधव्येन परमेण रूपेणान्नाद्येन परमो मधव्यो ऽन्नादोऽसानि॥**

☐ बचा हुआ मधुपर्क नाई लेकर बाहर फेंक दे। वर दो बार आचमन करे।

☐ वर दाहिने हाथ से अपना अंग स्पर्श करे।

| | | |
|---|---|---|
| **मुख छुवे--** | **ओमृ वाङ्मे आस्येऽस्तु।** | **नाक---ओमृ नसोर्मे प्राणोऽस्तु।** |
| **आँख---** | **ओमृ अक्ष्णोर्मे चक्षुरस्तु।** | **कान--ओमृ कर्णयोर्मे श्रोत्रमस्तु।** |
| **हाथ---** | **ओमृ वाह्वोर्मे बलमस्तु।** | **जंघा---ओमृ ऊर्वो मे ओजोऽस्तु।** |

☐ दोनो हाथ से पूरा शरीर छू ले---

**ओमृ अरिष्टानि मेऽङ्गानि तनूस् तन्वा मे सह सन्तु।**

☐ कन्यापिता १ पियाला या पिहानी में १ तृण खड़ा करे

☐ वर तथा कन्यापिता दोनों उसे पकड़ ले: कन्यापिता कहे--- **ओमृ गौर्---गौर्---गौः।**

वर कहें--- **ओमृ माता रुद्राणां दुहिता वसूनां स्वसा दित्याना ममृतस्य नाभिः।**
**प्रनुवोचं चिकितुषे जनाय मा गाम नागा मदितिं मा विधिष्ट।**
**मम चामुष्य च उभयोः पाप्माहतः। ओमृ उत सृजत तृणान्यत्तु।**

☐ कन्यापिता तृण को छोड़ दे : वर तृण को तोड़ कर ईशान कोण में फेंक दे।

☐ गोदान ☐ कुछ लोग यहां पर गोदान भी करते हैं।



**अग्नि स्थापन**

☐ शुद्ध मिट्टी से १ हाथ चौकोर वेदी बनावे। वेदी पर भूसी-कंकड़ आदि हटा कर साफ कर दे।

☐ कुशा से वेदी को बटोर-बुहार कर शुद्ध कर दे : इन कुशों को ईशान कोण में फेंक दे।

☐ गोबर से वेदी को लीप दे। स्रुवा के मूल से वेदी पर ३ रेखा (लाइन) खींच दे।

☐ [यह रेखा---पश्चिम से पूर्वाग्र। दक्षिण से उत्तर के क्रम से १-१ रेखा खींचनी चाहिए।]

☐ दाहिने हाथ की अनामिका अँगुली तथा अँगूठा से--- तीनों रेखा से १-१ चुटकी मिट्टी उठाकर ईशान कोण में फेंक दे।

☐ जल से बेदी को सींच दे (वेदी पर जल छिड़क दे)।

☐ काँसे के पात्र में अग्नि मँगाकर चुपचाप वेदी पर रख दे।

☐ अग्नि की सुरक्षा के लिए थोड़ी-सी लकड़ी अग्नि पर रख दे।

☐ धोती संकल्प-- कन्यापिता वर के लिए १ पीली धोती तथा दुपट्टा लेकर संकल्प करे:---

**अद्य विशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्य तिथौ गोत्रः नामाऽहं इदं वस्त्रद्वयं स्वकन्यायाः विवाहार्थम्**
**गोत्राय नाम्ने वराय पात्राय श्रेष्ठाय तुभ्यमहं सम्प्रददे।**

☐ वर धोती लेकर पहने : २ बार आचमन कर ले।

☐ कन्यापिता--- कन्या की धोती और चादर गणेशजी को छुवाकर वर को भी स्पर्श करा दे और कन्या को पहनने के लिए कोहबर में भीतर भिजवा दे।

☐ वर मन्त्रों को पढ़े---

१. **ओम् जरां गच्छ परि धत्स्व वासो भवा कृष्टीना मभि शस्ति पावा। शतं च जीव शरदः सुवर्चा रयिं च पुत्रा ननु सं व्यवस्वा युष्मतीदं परिधत्स्व वासः ॥**

२. **ओम् या अकृन्तन्नवयम् या अन्तवत। याश्च देवीस् तन्तू नभितो ततन्थ। तास् त्वा देवीर् जरसे सं व्ययस्वा ऽयुष्मतीदं परिधत्स्व वासः ॥**

☐ वर निम्न मन्त्रों से धोती-दुपट्टा धारण करे---

१. **ओम् परिधास्ये यशोधास्यै दीर्घायुत्वाय जरदिष्ट रश्मि। शतं च जीवामि शरदः पुरुची रायस् पोषमभि सं व्ययिष्ये॥**

२. **ओम् यशसा मा द्यावा पृथिवी यशसेन्द्रा वृहस्पती। यशो भगश्च माऽविदद्यशो मा प्रतिपद्यताम् ॥**

☐ कन्या को मण्डप में बुलावे

**टिप्पणी---** जरां गच्छ--- कन्या की धोती तथा या अकृन्---कन्या की चादर देने के लिए मंत्र है। परिधास्ये---- वर को धोती तथा ओम् यशसा--दुपट्टा धारण करने का मन्त्र है।



☐ कन्या हाथ में चावल-गुड़ सिंधोरा (सिन्दूर डिब्बी जो चढ़ाव में वर पक्ष से आयी है) लेकर मण्डप में आवे [मौली बँधी रहनी चाहिए]। कन्या के आते समय ब्राह्मण शान्ति पाठ करे--

**ओम् द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष ँ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरो षधयः शान्तिर् वनस्पतयः शान्तिर् विश्वेदेवाः शान्तिर् ब्रह्म शान्तिः सर्व ँ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सामा शान्ति रेधि ॥**

☐ कन्या मण्डप में आकर पिता के आगे पश्चिम मुख बैठ जाय। ☐ कन्या से सभी देव-देवी पूजा करायें इसके बाद माता पिता कुल में प्रणाम करें

☐ कन्या की माता भी मण्डप में आकर पिता के दाहिने बैठे।

☐ कन्या के माता व पिता की गाँठ बाँध दी जाय। कन्या के हाथ का चावल-गुड़ नाई ले ले।

☐ समंजन---वर तथा कन्या दोनों एक-दूसरे की ओर देखें। निम्न मन्त्र पढ़ें---

[लोकाचार में वर-कन्या---दोनों पान बदलते हैं]

**ओम् समंजन्तु विश्वेदेवाः समापो हृदयानिनौ। संमात रिश्वा सं धाता समु देष्ट्री दधातु नौ ॥**

☐ शाखोच्चार---वर-कन्या के हाथ चावल-गुड़-द्रव्य देकर दोनों पक्ष के ब्राह्मण शाखोच्चार पढ़ें---

कन्या के पिता-माता वर कन्या के वस्त्रों में दुर्वा, चावल, बाँधें। कन्या के सीधे कोण में हल्दी गाँठ, सुपारी, चावल, दूर्वा, पुष्प रख बाँधें छोड़ देवें बस अलग-अलग। पिता लड़की का हाथ में हल्दी लगायें

☐ प्रथम शाखोच्चार---मङ्गलश्लोकपाठ :----

**ओम् सहस्र शीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्। स भूमि ँ सर्वतस् पृत्वा त्य तिष्ठद् दशाङ्गुलम् ॥**



☐ एक लोटे में जल भरे या हाथ में एक धागा देकर लड़का-लड़की के हाथ में द्रव्य दक्षिणा रखें शाखोच्चार पढ़ें

श्रीराम शाखोच्चार पढें

१- लक्ष्मी कौस्तुभ पारिजातक सुरा धन्वन्तरिश्चन्द्रमा।
गावः कामदुधा सुरेश्वर गजो रंभादि देवाङ्गनाः।।
अश्वः सप्तमुखः सुधा हरि धनुः शंखो विषं चाम्बुधे।
रत्नानीति चतुर्दश प्रतिदिनं कुर्वन्तु वै मंगलम्।।

☐ वर पक्षे प्रथम

स्वस्ति श्रीमन् नंद नंदन चरण कमल भक्तिरनुराग धर्ममूर्त्ति धर्मावतार श्री अग्रकुल कमल प्रकाश महतां मुकुटमणि सभा श्रृंगार सद् विद्या विनोदेन कृत कीर्ति विस्तारितस्य अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः प्रपौत्रोऽयम्---अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पौत्रोऽयम्--अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पुत्रोऽयम्---प्रयतपाणिः शरणं प्रपद्ये। वरः चिरंजीवी कन्या सावित्री भूयात्-इति वरपक्षे प्रथम शाखोच्चारः।।

☐ कन्या पक्षे प्रथम

स्वस्ति श्रीमन् नंद नंदन चरण कमल भक्तिरनुराग धर्ममूर्ति धर्मावतार श्री अग्रकुल कमल प्रकाश महतां मुकुटमणि सभा श्रृंगार सद् विद्या विनोदेन कृत कीर्ति विस्तारितस्य अमुक् गोत्रस्य अमुक नाम्नः प्रपौत्रीऽयम्--अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पौत्रीऽयम्--अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पुत्रीऽयम्--प्रयतपाणिः शरणं प्रपद्ये। वरः चिरंजीवी कन्या सावित्री भूयात्-इति कन्या पक्षे प्रथम शाखोच्चारः।।



☐ द्वितीय शाखोच्चार---मंगलश्लोकपाठ :----

ओम् पुनस्त्वाऽदित्या रुद्रा वसवः समिन्धतां पुनर्ब्रह्माणो वसुनीथ यज्ञैः।
घृतेन त्वं तन्वं वर्धयस्व सत्याः सन्तु यजमानस्य कामाः।।

२- दुर्गे दुर्ग विनाशिनी भयहरी माताभया हारिणी।
कामाक्षा गिरिजा उमा भगवती वागीश्वरी योगिनी।।
वन्दी सुन्दर भैरवी सुललिता सिद्धेश्वरी रेणुका।
वाराही वरदायिनी गिरिसुता कुर्वन्तु वै मंगलम्।।

☐ वर पक्षे द्वितीय

स्वस्ति श्रीमन् नंद नंदन चरण कमल भक्तिरनुराग धर्ममूर्त्ति धर्मावतार श्री अग्रकुल कमल प्रकाश महतां मुकुटमणि सभाश्रृंगार सद्विद्या विनोदेन कृत कीर्ति विस्तारितस्य अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः प्रपौत्रोऽयम्---अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पौत्रोऽयम्--अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पुत्रोऽयम्---प्रयतपाणिः शरणं प्रपद्ये। वरः चिरंजीवी कन्या सावित्री भूयात्-इति वरपक्षे द्वितीय शाखोच्चारः।।

☐ कन्या पक्षे द्वितीय

स्वस्ति श्रीमन् नंद नंदन चरण कमल भक्तिरनुराग धर्ममूर्त्ति धर्मावतार श्री अग्रकुल कमल प्रकाश महतां मुकुटमणि सभाश्रृंगार सद् विद्या विनोदेन कृत कीर्ति विस्तारितस्य अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः प्रपौत्रीऽयम्-अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पौत्रीऽयम्-अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पुत्रीऽयम्--प्रयतपाणिः शरणं प्रपद्ये। वरः चिरंजीवी कन्या च सावित्री भूयात्-इति कन्या पक्षे द्वितीय शाखोच्चारः।।

□ तृतीय शाखोच्चार---मङ्गलश्लोकपाठ :-----

ओम् यज् जाग्रतो दूर मुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवेति।
दूरङ्गमं ज्योतिषाञ्ज्योतिरेकं तन्मेमन:शिवसंकल्पमस्तु॥

२- ब्रह्मा वेदपतिः शिवः पशुपतिः सूर्यो ग्रहाणां पतिः।
शक्रो देवपतिर् यमः पितृ पतिश् चन्द्रस् च तारापतिः॥
विष्णुर् यज्ञपतिर् हविर् हुतपतिः स्कन्दश्च सेनापतिः।
सर्वे ते पतयः सुमेरु सहिताः कुर्वन्तु वै मंगलम्॥

□ वर पक्षे तृतीय

**स्वस्ति श्रीमन् नंद नंदन चरण कमल भक्तिरनुराग धर्ममूर्त्ति धर्मावतार श्री अग्रकुल कमल प्रकाश महतां मुकुटमणि सभा श्रृंगार सद् विद्या विनोदेन कृत कीर्ति विस्तारितस्य अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः प्रपौत्रोऽयम्---अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पौत्रोऽयम्--अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पुत्रोऽयम्---प्रय-तपाणिः शरणं प्रपद्ये। वरः चिरंजीवी कन्या सावित्री भूयात्-इति वरपक्षे तृतीय शाखोच्चारः॥**

□ कन्या पक्षे तृतीय

**स्वस्ति श्रीमन् नंद नंदन चरण कमल भक्तिरनुराग धर्ममूर्त्ति धर्मावतार श्री अग्रकुल कमल प्रकाश महतां मुकुटमाणि सभा श्रृंगार सद् विद्या विनोदेन कृत कीर्ति विस्तारितस्य अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः प्रपौत्रीऽयम्---अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पौत्रीऽयम्--अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पुत्रीऽयम्---प्रय-तपाणिः शरणं प्रपद्ये। वरः चिरंजीवी कन्या सावित्री भूयात्। इति कन्या पक्षे तृतीय शाखोच्चारः॥**



□ वर व कन्या के हाथ से गुड़-चावल ब्राह्मण ले ले।

## कन्या दान-प्रतिज्ञा संकल्प

कन्यापिता कुश-अक्षत-जल-द्रव्य लेकर पहले कन्यादान के लिए प्रतिज्ञा संकल्प करे----

□ **अद्य हर हरिः ओम् तत् सत् विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः अद्य ओम् नमः परमात्मने श्री पुराण पुरुषोत्तमाय अद्य हर हरिः ओम् ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीय परार्धे श्री श्वेत वाराहकल्पे वैवस्वत मन्वन्तरे अष्टाविंशति मे युगे कलियुगे कलि प्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भरत खण्डे आर्यावर्तान्तर्गत-ब्रह्मावर्तैकदेशे बौद्धावतारे श्री पुण्यक्षेत्रे अमुक नाम संवत्सरे अमुकायने सूर्ये मासानां मासोत्तमे. . . . मासेशुभे. . . पक्षे. . . तिथौ. . . वासरे तथा च यथा-यथाराशि स्थितेषु ग्रहेषु सत्सु एवं ग्रहगुण विशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्य समये श्रुतिस्मृति पुराणोक्त फलप्राप्ति कामः. . . .गोत्रः. . . . नामाऽहं सपत्नीकोऽहं समस्त पितृणां निरतिशय सानन्द ब्रह्मलोका वाप्त्यादिकामः कन्यादान कल्पोक्त फलावाप्तये(द्य) अनेन नामकेन वरेण अस्यां. . . कन्यायाम् उत्पादयिष्यमाण संतत्या दशपूर्वान् दशापरान् पुरुषान् च पवित्री कर्तुम्-आत्मनश्च श्री लक्ष्मीनारायण प्रीतये ब्राह्म विवाह विधिना कन्यादानमहं करिष्ये॥**

□ हाथ का कुश-अक्षत-जल पौंपुजीवाली परात में छोड़ दें। हाथ जोड़कर प्रार्थना करे---

ओम् दाताऽहं वरुणोराजा द्रव्यमादित्य दैवतम्।
वरोऽसौ विष्णुरूपेण प्रतिगृह्णा त्वयं विधिः॥

ओमू कन्यां सुलक्षणोपतां कनकाभरणैर्युताम्। दास्यामि विष्णवे तुभ्यं ब्रह्मलोक जिगीषया ।।
विश्वम्भरः सर्वभूताः साक्षिण्यः सर्व देवताः। इमां कन्यां प्रदास्यामि पितॄणां ताराणाय च ।।

## कन्यादान

- ☐ पौंपुजी की परात लड़की के सामने ऐसे ढंग से रखे कि कन्यादान का जल उसी परात में गिरे।
- ☐ आटा की लोई बना कर लड़की के दोनों हाथ पर रख दें।
- ☐ लोई पर १ खड़ी हल्दी, १ खड़ी सुपारी, १ रुपया या सोना आदि तथा कुशा रख दे।
- ☐ कन्या के हाथ के नीचे वर का दाहिना हाथ दें।
- ☐ कन्या-वर---दोनों के हाथों के नीचे कन्या के पिता-माता अपना-अपना दाहिना हाथ लगावें।
- ☐ कन्या का भाई पौंपुजी वाले गेडुआ या लोटा से जल की धार लोई पर छोड़े, धार टूटनी नहीं चाहिए।

ब्राह्मण संकल्प पढ़ें----

अद्य पूर्वोक्त कल्पित विशेषण विशिष्टायां शुभपुण्य तिथौ.......गोत्रः........नामाऽहम्
सपत्नीकोऽहं शतगुणीकृत ज्योतिष्टो मातिरात्र शतफल प्राप्तिकामश् चास्मत् कुलोत्पन्नाम् ।।
१- अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः प्रपौत्रीम्। अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पौत्रीम्।
अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पुत्रीम्।



कन्यादान / कन्या हाथ प्रदान संस्कार

कन्यादान / कन्या हाथ प्रदान सन्कल्प

हरि: ॐ तत् सत् विष्णुर्विष्णुर्विष्णु: अद्य ॐ नमः परमात्मने श्री
पुराण पुरुषोत्तमाय अद्य हेर ॐ ब्रह्मणो अह्नि द्वितीय परार्धे श्री श्वेत वाराहकल्पे
वैवस्वत मन्वन्तरे अष्टाविंशतिमे युगे कलियुगे कलि प्रथम चरणे जम्बूद्वीपे भारत
आर्यावर्तान्तर्गत ब्रह्मावर्तैक देशे श्री पुण्य क्षेत्रे ....(...) संवत्सरे (...) विक्रम संवत
(...) ऋतौ (...) अयने सूर्ये (...) मासानां मासोत्तमे ....(...) मासे शुभे (...) पक्षे
(....) तिथौ... (वासरे) ...(...) नक्षत्रे .(...) योगे ...(...) करणे तथा च (...)
राशि स्थितेषु सूर्ये ...(...) राशि स्थितेषु चन्द्रमा ..(...) देव गुरु बृहस्पति
एवं ग्रहगुण विशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्य तिथौ / समये शुभ (...) गोत्र
उत्पन्नस्य (...) नामाहं सपत्नीकोऽहं सपरिवारस्य सकुटुम्बस्य समित्र
बन्धु बान्धवस्य सहितस्य मम समस्त पितॄणां निरतिशय सानन्द
ब्रह्मलोका वाप्त्यादिकाम: कन्या दान / कन्या हाथ प्रदान कल्पोक्त फलावाप्तये
च सतगुणीकृत ज्योतिष्टोमातिरात्र शतफल प्राप्तिकामश् चास्मत्
कुलोत्पन्नाम् (अमुक) नामकेन वरेण (.अमुक) नामेन अस्यां कन्यायाम्
उत्पादयिष्यमाण संतत्या दशपूर्वान् दशापरान् पुरुषान् च पवित्री
कर्तुम आत्मनश्च श्री लक्ष्मीनारायण प्रीतये (अमुक) गौत्रस्य (कन्या का नाम) नाम:
प्रपौत्रीम्, (अमुक) गोत्रस्य (...) नाम्न: पौत्रीम्, (...) गोत्रस्य (...) नाम्न: पुत्रीम्,
3 बार बोले
(अमुकी) नामनीम् इमां कन्यां यथाशक्ति अलंकृता सुपूजिताम् (वर का गोत्र)
गोत्रस्य (....) नाम्न: प्रपौत्राय, (...) गोत्रस्य (...) नाम्न: पौत्राय,
(...) गोत्रस्य (...) नाम्न: पुत्राय, (3 बार बोले)
(अमुक) गोत्रस्य (...) नाम्न: वराय पात्राय श्रेष्ठाय श्री विष्णुरूपाय, देव,
अग्नी, गुरु, ब्राह्मण, सन्निधौ: सहधर्मी, आचरणाय पत्नीत्वेन
तुभ्यमहं सम्प्रददे ॥ (शंखध्वनी) ॥

सभी हाथ जोड़कर - मैं सभी दिशाओं को, अपने पूर्वजों को, अग्नि नारायण को, लक्ष्मी
नारायण को, ब्राह्मणों को, दोनों कुल में उपस्थित सभी बन्धु बान्धवों को साक्षी
मानकर अपनी बेटी (...) का कन्यादान / कन्या का हाथ (...) गोत्र में जन्मे
(...) नाम के पुत्र को उनकी पत्नी के रूप में समर्पित करता हूँ ॥
वर कहे - मैं पत्नी के रूप में स्वीकार करता हूँ।

द्रव्य संकल्प कन्या के लिए दान -> ॐ एतत् कन्यादान समये रजतं / द्रव्य / वस्त्रं
चन्द्र दैवतं (...) गोत्राय (...) नाम्न: वराय पात्राय
तुभ्यमहं सम्प्रददे ॥

अद्य (...) गौत्र (...) नामाऽहं कृतैतत् कन्यादान / करिष्यमाण कन्यादान
कर्मणि प्रतिष्ठा सांगता फल प्राप्त्यर्थं हिरण्यमग्नि दैवतं (...) गोत्र (...)
नाम्ने वराय पात्राय श्रेष्ठाय इमां दक्षिणां तुभ्यमहं सम्प्रददे ॥

२- अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः प्रपौत्रीम्। अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पौत्रीम्। अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पुत्रीम्।

३- अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः प्रपौत्रीम्। अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पौत्रीम्। अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पुत्रीम्।

अमुकी नाम्नीम् इमां कन्यां यथाशक्ति अलंकृतां सुपूजिताम्

१- अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः प्रपौत्राय। अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पौत्राय। अमुक गोत्रस्य अमुक नाम्नः पुत्राय।

२- अमुक गोत्रस्य..नाम्नः प्रपौत्राय..गोत्रस्य..नाम्नः पौत्राय..गोत्रस्य नाम्नः.. पुत्राय।

३- अमुक गोत्रस्य..नाम्नः प्रपौत्रायः..गोत्रस्य..नाम्नः पौत्राय..गोत्रस्य नाम्नः.. पुत्राय।

अमुक गोत्राय अमुक नाम्ने वराय पात्राय श्रेष्ठाय पत्नीत्वेन तुभ्यमहं सम्प्रददे ॥

☐ संकल्प करके कन्या का हाथ वर के हाथ में दे दें। ( कन्या के हाथ रखी लोई वर के हाथ में कन्या से दिला दे। ) ☐ माता-पिता अपना हाथ हटा लें।

□ व्रत लोगों को फल / मिठाई को खाने का मेला

□ ब्राह्मण कन्याभाई को तिलक लगा दे। □ कन्यादान लेकर वर कहे----

**ओम् ।। स्वस्ति ।। द्यौस्त्वा ददातु पृथिवी त्वा प्रतिगृह्णातुअसौ देवी।**

□ कन्या को पिता के आगे से उठा कर वर की दाहिनी ओर बिठा दे।

□ कन्यापिता वर से कहे-----

१- **ओम् यस् त्वया धर्मश्चरितव्यः सोऽनया सह। धर्मेचार्थे च कामे च त्वयेयं नाति चरितव्या।।**

□ वर कहे--- **ओम् नाति चरामि।**

□ ब्राह्मण पढ़ें--- **ओम् कोऽदात् कस्माअदात् कामोऽदात्। कामायादात्।**
**कामो दाता कामः प्रतिगृहीता कामैतत्ते।।**

□ फिर कन्यापिता वर से कहे----

२- **ओम् यस्त्वया धर्मश्चरितव्यः सोऽनया सह। धर्मेचार्थे च कामे च त्वयेयं नाति चरितव्या।**

□ वर कहे--- **ओम् नाति चरामि।**

□ ब्राह्मण पढ़ें-- **ओम् कोऽदात् कस्माअदात् कामोऽदात्। कामायादात्।**
**कामो दाता कामः प्रतिगृहीता कामतते।।**

□ फिर कन्यापिता वर से कहे---



३- **ओम् यस्त्वया धर्मश्चरितव्यः सोऽनया सह। धर्मेचार्थे च कामे च त्वयेयं नाति चरितव्या।।**

□ वर कहे-- **ओम् नाति चरामि।**

□ ब्राह्मण पढ़ें-- **ओम् कोऽदात् कस्माअदात् कामोऽदात्। कामायादात्।**
**कामो दाता कामः प्रतिगृहीता कामैतत्तै।।**

□ कन्यापिता हाथ जोड़कर प्रार्थना करे----

**ओम् गौरी कन्या मिमां श्रीमन्! यथाशक्ति विभूषिताम्।**
**श्रेष्ठाय श्रीमते तुभ्यं दाता श्रीमन्! समाश्रय।**
**कन्ये ममाग्रतो भूयाः कन्ये मे देवि पार्श्वयोः।**
**कन्ये मे पृष्ठतो भूयास् त्वद् दानान्मोक्षमाप्नुयात्।**
**मम वंश कुले जाता यावद् वर्षाणि पालिता।**
**तुभ्यं श्रीमन्! मया दत्ता पुत्र पौत्र प्रवर्धिनी।।**

□ पाँपुजी---कन्यापिता और माता--दोनों क्रम से ३ बार वर का, २ बार कन्या का परात के जल से पाँव पूजें। जल अपने माथ लगावें।

□ ब्राह्मण पढ़ें--- **ओम् वराय नमः । वरचरणाभ्यां नमः ।**
**ओम् इदं जलं कन्या कुमारी चरणेभ्यो नमः।।**

☐ हाथ धोकर वर के माथ में तिलक करें----

**ओम् आदित्या वसवो रुद्रा विश्वेदेवा मरुद्गणाः।**

**तिलकं तु प्रयच्छन्तु धर्म कामार्थ सिद्धये॥**

☐ लड़की का हाथ पीला करे (हथेली में हलदी लगावें)।

☐ कन्यापिता-माता रुपया-सोना-बरतन आदि जो देना हो, उसका संकल्प करें।

☐ संकल्प-- **ओम् एतत् कन्यादान समये रजतं चन्द्र दैवतं गोत्राय**

**नाम्ने वराय पात्राय श्रेष्ठाय तुभ्यमहं सम्प्रददे॥**

☐ कन्या दानं महादानं सर्वदानेषु दुर्लभम्। तदद्य दैवयोगेन त्वं गृहाण वरोत्तम॥

☐ वर के हाथ में द्रव्य आदि दे।

☐ इसी तरह परिवार वाले भी पौंपूजी करे।

☐ **गोदान**-- वर यथाशक्ति गोदान करे (कन्यादान ग्रहण दोष दूर करने हेतु)।

☐ संकल्प--- **अद्य विशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्य तिथौ गोत्रः नामाऽहम् मम कन्यादान ग्रहण जनित दोष निरसनपूर्वक श्री परमेश्वर प्रीति द्वारा दीर्घायु-बल-पुष्टतादि शुभ फल प्राप्तये गोनिष्क्रयीभूतम् इदं द्रव्यं सांगता सहितं यथानाम गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे॥**

मन्त्रार्थाः सफलाः सन्तु पूर्णाः सन्तु मनोरथाः शत्रूणां बुद्धिनाशाय मित्राणामुदयस्तव

**नोट--** रुपया या चाँदी है तो "रजत चन्द्रदैवतम्", सोना हो तो "सुवर्णम् अग्निदैवतम्" कहना चाहिए।



☐ ब्राह्मण गोदान लेकर कहे-- **॥ओम् स्वस्ति॥**

☐ **पाणि ग्रहण--** वर-कन्या का दाहिना हाथ पकड़कर निम्न मन्त्र को पढ़े---

**ओम् यदेषि मनसा दूरं दिशोऽनु पवमानो वा।**

**हिरण्य पर्णो वैकर्णः स त्वां मन्मनसां करोतु। श्री अमुकी देवि।**

☐ एक ब्राह्मण १ कलश में जल लेकर वेदी के दक्षिण हवन होने तक चुपचाप खड़ा हो जाय।

☐ **अथवा-** १ करई में जल भरकर वेदी के दक्षिण संभाल कर रख दे, गिरने न पावे

( इसी से बाद में अभिषेक होता है )।

☐ **परस्पर समीक्षण----** वर--कन्या की ओर देखता हुआ निम्न मन्त्र पढ़े--

१- **ओम् अघोर चक्षुर् पतिघ्नि-एधि शिवाः पशुभ्यः सुमनाः सुवर्चाः।**

**वीर सूर्देव कामा स्योना शन्नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे॥**

२- **ओम् सोमः प्रथमो विविदे गन्धर्वो विविद उत्तरः।**

**तृतीयोऽग्निष्टे पतिस् तुरीयस् ते मनुष्यजाः।**

३- **ओम् सोमोऽददद् गन्धर्वाय गन्धर्वोऽदद दग्नये।**

**रयिं च पुत्रांश्चा दा दग्निर् मह्य मथोऽइमाम्।**

४- ओम् सा नः पूषा शिवतमा मेरय सा न उरु उशती विहर।
यस्या मुशन्तः प्रहराम शेफं यस्यामु कामा बहवो निविष्ट्यै।।

☐ कन्या भी वर की ओर देख ले।

☐ **अग्नि परिक्रमा---** वर कन्या दोनों अग्नि की १ परिक्रमा करके अपने-अपने आसन पर बैठ जायँ।

☐ **ब्रह्मा-आचार्य वरण--** वर आचार्य-पुरोहित-ब्रह्मा आदि का वरण करें।

आचार्य संकल्प-- **अद्य विशेषण विशिष्टयां शुभ पुण्य तिथौ...गोत्रः...नामाऽहम् कर्तव्य विवाहहोम कर्मणि एभिः वरण द्रव्यैः अमुक गोत्रम्... अमुक शर्माणं आचार्यत्वेन त्वामहं वृणे।**

ब्रह्मा संकल्प-- **अद्य कर्तव्य विवाहहोम कर्मणि कृताऽकृता ऽवेक्षणरूप ब्रह्म कर्म कर्त्तुम् अमुक गोत्रं....शर्माणं ब्राह्मणं ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे।**

☐ ब्राह्मण लेकर कहे--- **।। ओम् वृतोऽस्मि ।।**

☐ **कुशकण्डिका----** अग्निवेदी के दक्षिण १ हाथ की दूरी पर १ पत्ता रख दे।

☐ १ कुशा में गाँठ लगाकर इसी पत्ते पर रख दे (इसे ही ब्रह्मा कहते हैं)।

☐ अग्निवेदी के उत्तर उत्तराग्र २ कुशा अलग-अलग रख दे।

☐ प्रणीता पात्र को अपने आगे रखे। ☐ प्रणीता में जल भर दे। ☐ १ कुशा से ढाँक दे।



☐ प्रणीता को उठाकर अग्नि के उत्तर पहले कुशा पर रख दे।

☐ ब्रह्मा की ओर देख ले।☐ प्रणीता को उठाकर दूसरे कुशा पर रख दे।

☐ ४ कुशा---अग्नि कोण से ईशान कोण तक उत्तराग्र बिछा दे।

☐ ४ कुशा---ब्रह्मा से अग्नि तक पूर्वाग्र फैला दे।

☐ ४ कुशा---नैऋत्य कोण से वायव्य कोण तक उत्तराग्र बिछा दे।

☐ ४ कुशा---- अग्नि से प्रणीता तक पूर्वाग्र बिछा दे।

☐ अग्नि के उत्तर अन्य सामग्री रखे---(पश्चिम से पूर्व के क्रम में रखे)।

☐ ३ कुशा पवित्र छेदन के लिए।

☐ १ कुशा से बीच का २ पत्र अग्रभाग सहित निकाल कर रख दे।

☐ प्रोक्षणीपात्र पूर्वाग्र रखे। ☐ आज्यस्थाली (घी की कटोरी)।

☐ सम्मार्जन के लिए ३ या ५ कुशा।

☐ उपयमन कुशा---५ या ७ एक में गूँथ कर ऊपर गाँठ लगा दे (चोटी की तरह)।

☐ स्रुवा ☐ १-१ बीता की ३ लकड़ी। ☐ घी ☐ पूर्णपात्र (१ कुल्हड़ में चावल)।

□ लावा □ सूप □ सिल का लोढ़ा □ कन्या का भाई बुला ले (लावा परछने के लिए)।

□ दृढ़ पुरुष (१ कलश में जल भरकर जो रखा है, उसे यहाँ रख दे)।

□ **कुशकण्डिका प्रारम्भ करे--** कुशा के बीच का जो २ पत्र रखा है, उसे बाएँ हाथ में ले ले।

□ इसे आगे से--- १ बीता बराबर नाप ले।

□ जहाँ १ बीता पूरा हो, वहीं पर पवित्र छेदनवाला ३ कुशा दाहिने हाथ में रख ले।

□ इन ३ कुशा को कुशपत्र पर जहाँ रखा है, वहाँ लपेट दे।

□ २ कुशपत्र को १ बीता आगे से तोड़कर ले ले। □ शेष तोड़कर ईशान कोण में फेंक दे।

□ ३ कुशा जो लपेटा है, उसे भी फेंक दे। □ [ इस २ कुशपत्र को ही पवित्री कहते हैं ]।

□ इस पवित्री को हाथ में पकड़े रहें और प्रणीता का जल प्रोक्षणी में डालें।

□ दोनों हाथ की अनामिका अँगुली और अँगूठे से इस पवित्री को दोनों कोनों से पकड़ कर बीच के हिस्से से प्रोक्षणी का जल ३ बार ऊपर उछाले।

□ पवित्री दाहिने हाथ में ले। □ प्रोक्षणी को बाएँ हाथ में उठा ले।

□ दाहिने हाथ की अनामिका अँगुली और अँगूठे से पवित्री को पकड़ कर इसी पवित्री से प्रोक्षणी का जल फिर ३ बार ऊपर उछाले। इसी पवित्री से प्रणीता का जल प्रोक्षणी पर छिड़के।



□ प्रोक्षणी का जल इसी पवित्री से अन्य वस्तुओं पर छिड़क दे।

□ पवित्री को प्रोक्षणी में रख दे। □ प्रोक्षणी को अग्नि-प्रणीता के बीच में रख दे।

□ घी की कटोरी में घी रखे। □ घी सहित कटोरी अग्नि पर रख दे।

□ १ कुशा जला कर घी की कटोरी के चारों ओर (ईशान कोण से शुरू कर) घुमा दे।

□ जले हुए कुशा को अग्नि में छोड़ दे। □ हाथ को फिर घी की कटोरी पर उलटा घुमा ले।
( अर्थात्--- घी की कटोरी पर जहाँ तक जला हुआ कुशा ले गये वहाँ से हाथ घुमा कर जहाँ ईशान कोण से शुरू किया था, वहां तक हाथ ले जाय )।

□ स्रुवा को दाहिने हाथ में लेकर स्रुवा का मुख नीचे किये हुए ३ बार अग्नि में तपा ले ( अग्नि के ऊपर दिखा दे )।

□ स्रुवा को बाएँ हाथ में ले ले।

□ दाहिने हाथ से सम्मार्जन कुशा ३ या ५ जो हो उठा ले।

□ इन कुशों के जड़ से स्रुवा का जड़, बीच से बीच, अग्रभाग से स्रुवा का अग्रभाग पोंछ दें,कुशा फेंक दे।

□ स्रुवा पर प्रणीता का जल पवित्री से ३ बार छिड़क दे।

□ स्रुवा को फिर ३ बार अग्नि में तपा ले। □ स्रुवा को अग्नि के दक्षिण १ कुशा पर रख दे।

☐ घी की कटोरी को अग्नि से उतार कर प्रणीता के पश्चिम रख दे।
☐ पवित्री को अनामिका-अँगूठे से पकड़ कर उसी से ३ बार घी को भी ऊपर उछाल दे।
☐ पवित्री को प्रणीता पर रख दे। ☐ घी को देखे।
☐ घी में जो कुछ तिनका आदि पड़ा हो निकाल दे।
☐ प्रोक्षणी के जल को पवित्री से फिर ३ बार ऊपर उछाले।
☐ घी की कटोरी अग्नि के पश्चिम (अपने सामने) रखे।
☐ उपयमन कुश जो (वेणी रूप गूँथ कर रखा है) को बाएँ हाथ में ले ले।
☐ खड़ा हो जाय। ☐ १-१ बीता की तीनों लकड़ी ले ले।
☐ लकड़ी घी में बोर ले। ☐ ब्रह्मा का मन में ध्यान करे।
☐ चुपचाप तीनों लकड़ी अग्नि में डाल दे। ☐ अपने आसन पर बैठ जाय।
☐ पवित्री को बाएँ हाथ में ले ले। ☐ प्रोक्षणी के जल को दाहिने हाथ में ले ले।
☐ इस जल को अग्नि के चारों ओर (ईशान कोण से शुरू कर) घुमा कर गिरा दे।
☐ हाथ को वैसा ही उल्टा घुमा ले जाय। ☐ पवित्री को प्रणीता में रख दे।
☐ १ कुशा लेकर ब्रह्मा से अपने को जोड़ ले। ☐ दाहिने पैर का घुटना मोड़ ले।



☐ स्रुवा से घी की आहुति दे (हवन करे)।
☐ आहुति के बाद स्रुवा में बचा घी प्रोक्षणी में छिड़क दे।

**आहुति मन्त्र--**

१- **ओम् प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम।** इति मनसा आहुति
२- **ओम् अग्नये स्वाहा। इदं मग्नये न मम।** आधार आहुति
३- **ओम् इन्द्राय स्वाहा। इदं मिन्द्राय न मम।**
४- **ओम् सोमाय स्वाहा। इदं सोमाय न मम।**
५- **ओम् भूः स्वाहा। इदं मग्नये न मम।**
६- **ओम् भुवः स्वाहा। इदं वायवे न मम।** — आज्य आहुति
७- **ओम् स्वः स्वाहा। इदं सूर्याय न मम।**
८- **ओम् त्वन्नोऽअग्ने वरुणस्य विद्वान देवस्य हेडो अवयासि सीष्ठाः।**
**यजिष्ठो बह्नितमः शोशुचानो विश्वा द्वेषा ँ सि प्रभु मुगृध्यस्मत् स्वाहा।**
**--- इद मग्नी वरुणाभ्यां न मम।।**
९- **ओम् सत्वन्नो अग्ने ऽवमो भवोती नें दिष्टो अस्या उष सो व्युष्टौ।**
**अव यक्ष्व नो वरुण ँ रराणो वीहि मृडीक ँ सुहवो न एधी स्वाहा।।**
**---इद मग्नी वरुणाभ्यां न मम।।**

१०- ओम् अयाश्ग्नेस्य नभि शस्ति पाश्च सत्य मित्व मया असि।
अयानो यज्ञम् वहास्य यानो धेहि भेषज गुं स्वाहा। इदमग्नये अयसे न मम।
११- ओम् येते शतं वरुण ये सहस्त्रं यज्ञिया: पाशा वितता महांत:।
तेभिर् नो अद्य सवितोत विष्णुर् विश्वे मुञ्चतु मरुत: स्वर्का: स्वाहा।
इदं वरुणेभ्यो सर्वेभ्यो न मम।
१२- ओम् उदुत्तमम् वरुणं पाश मस्मदवा धमं विमध्यम ँ श्रथाय।
अथा वय मादित्य व्रते तवा नागसो अदितये स्याम स्वाहा ।
इदं वरुणाया दित्याऽदितये न मम।
१३- ओम् प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम।
१४- ओम् अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा। इदं मग्नये न मम।

☐ ब्राह्मण वर और कन्या के ऊपर जल छिड़कें----

ओम् यथाबाण प्रहाराणां कवचं भवतु वारणम्। तद् दैवोप घातानां शांतिर्भवतु वारणम्।।

☐ ब्रह्मा से जुटा कुशा को हटाकर----हवन करें----

राष्ट्रभृत १५- ओम् ऋृता षाड् ऋृतधामाग्निर् गंधर्वः सनइदम्-ब्रह्म क्षत्रम् पातु तस्मै स्वाहा वाट्।
इदमृता साहे ऋृत धाम्नेऽग्नये गंधर्वाय न मम।



१६- ओम् ऋृताषाड् ऋृत धामाग्निर् गंधर्वस् तस्यौ षधयो ऽप्सरसो मुदोनाम ताभ्यः स्वाहा।
इद मोषधिभ्योऽप्सरोभ्यो मुद्भ्यो न मम।
१७- ओम् स ँ हितो विश्व सामा सूर्यो गन्धर्वः सनइदम्-ब्रह्म क्षत्रम्-पातु तस्मै स्वाहा।
इदम् स ँ हिताय विश्व साम्ने सूर्याय गंधर्वाय न मम।
१८- ओम् स ँ हितो विश्वा सामा सूर्यो गन्धर्वस्-तस्य मरीचयो ऽप्सरस आयुवो नाम ताभ्यः स्वाहा।
इदं मरीचिभ्योऽप्सरोभ्य आयुभ्यो न मम।
१९- ओम् सुषुम्णः सूर्य रश्मिश्चन्द्रमा गन्धर्वः स न इदं ब्रह्म क्षत्रम् पातु तस्मै स्वाहावाट्।
इदं सुषुम्णाय सूर्य रश्मये चन्द्रमसे गंधर्वाय न मम।
२०- ओम् सुषुम्णः सूर्य रश्मिश्चन्द्रमा गंधर्वस् तस्य नक्षत्राणि अप्सरसो भे कुरयो नाम ताभ्यः स्वाह।
इदम् नक्षत्रेभ्योऽप्सरोभ्यो भेकुरिभ्यो न मम।
२१- ओम् इषिरो विश्व व्यचा वातो गंधर्वः स न इदम् ब्रह्म क्षत्रमूपातु तस्मै स्वाहा।
इद मिषिराय विश्व व्यचसे वाताय गन्धर्वाय न मम।
२२- ओम् इषिरो विश्व व्यचा वातो गंधर्वस्-तस्यापोऽप्सरस ऊर्जो नाम ताभ्यः स्वाहा।
इद मद्भ्योऽप्सरोभ्यः ऊग्भ्योर् न मम।
२३- ओम् भुज्युः सुपर्णो यज्ञो गंधर्वः स न इदम् ब्रह्म क्षत्रम्-पातु तस्मै स्वाहा वाट्।
इदं भुज्यवे सुपर्णाय यज्ञाय गंधर्वाय न मम।

२४- ओम् भुज्युः सुपर्णो यज्ञो गंधर्वः तस्य दक्षिणा अप्सरसस्-तावा नाम ताभ्यः स्वाहा।
इदम् दक्षिणाभ्योऽप्सरोभ्यः तावाभ्यो न मम।
२५- ओम् प्रजापतिर् विश्वकर्मा मनो गन्धर्वः स न इदम् ब्रह्म क्षत्रम् पातु तस्मै स्वाहा।
इदं प्रजापतये विश्वकर्मणे मनसे गंधर्वाय न मम।
२६- ओम् प्रजापतिर्विश्वकर्म्मा मनो गन्धर्वस्-तस्य ॠक् सामान्यप्सरस एष्टयो नाम ताभ्यः स्वाहा।
इदम् ॠक् सामभ्योऽप्सरोभ्य एष्टिभ्यों न मम।
२७- ओम् चित्तं च स्वाहा। इदम् चित्ताय न मम। जया होम
२८- ओम् चित्तिश्च स्वाहा। इदम् चित्त्यै न मम।
२९- ओम् आकूतम् च स्वाहा। इद माकूताय न मम।
३०- ओम् आकूतिश्च स्वाहा। इद माकूत्यै न मम।
३१- ओम् विज्ञातं च स्वाहा। इदम् विज्ञाताय न मम।
३२- ओम् विज्ञातिश्च स्वाहा। इदम् विज्ञात्यै न मम।
३३- ओम् मनसश्च स्वाहा। इदम् मनसे न मम।
३४- ओम् शर्करीश्च स्वाहा। इदम् शर्करीभ्यो न मम।
३५- ओम् दर्शश्च स्वाहा। इदम् दर्शाय न मम।
३६- ओम् पौर्णमासश्च स्वाहा। इदम् पौर्णमासाय न मम।



३७- ओम् रथंतरं च स्वाहा। इदम् रथंतराय न मम।
३८- ओम् वृहच्च स्वाहा। इदम् वृहते न मम।
३९- ओम् प्रजापतिर्जया निन्द्राय वृष्णे प्रायच्छदुग्रः पृतना जयेषु।
तस्मै शिवः समन मंत सर्वाः स उग्रः सइ हव्यो बभूव स्वाहा।
इदम् प्रजापतये जया निन्द्राय न मम।

☐ प्रणीता का जल छुवे ☐ हवन करे। अभ्यातान होम.

४०- ओम् अग्निर्भूताना मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण्-यस्मिन् क्षत्रेऽस्या
माशिषु यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इद मग्नये भूताना मधिपतये न मम।
४१- ओम् इन्द्रो ज्येष्ठाना मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन क्षत्रेऽस्या
माशिष्-यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इदमिन्द्राय ज्येष्ठाना मधिपतये न मम।
४२- ओम् यमः पृथिव्याना मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या
माशिषु यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इदम् पृथिव्याना मधिपतये न मम।

□ प्रणीता का जल फिर छुवे □ हवन करे।

४३- ओम् वायुरन्तरिक्षस्याधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या माशिषृयस्यां पुरोधायामस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इदम् वायवेऽन्त रिक्षस्याधिपतये न मम।

४४- ओम् सूर्यो दिवोअधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या माशिष यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इदम् सूर्याय दिवोऽधिपतये न मम।

४५- ओम् चन्द्रमानक्षत्राणा मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या माशिषृ यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इदम् चन्द्रमसे नक्षत्राणा मधिपतये न मम।

४६- ओम् बृहस्पतिर् ब्रह्मणोऽधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या माशिषृ यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इदम् बृहस्पतये ब्रह्मणोऽधिपतये न मम।

४७- ओम् मित्रः सत्याना मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या माशिषृ यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इदम् मित्राय सत्याना मधिपतये न मम।



४८- ओम् वरुणो ऽपा मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या माशिषृ यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इदं वरुणाय अपामधिपतये न मम।

४९- ओम् समुद्रः स्रोत्याना मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या माशिषृ -यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण्यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इदम् समुद्राय स्रोत्याना मधिपतये न मम।

५०- ओम् अन्न ँ साम्राज्याना मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या माशिषृ यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा। इदमन्नाय साम्राज्याना मधिपतये न मम।

५१- ओम् सोम औषधीनां मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या माशिषृ यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इदम् सोमाय औषधीना मधिपतये न मम।

५२- ओम् सविता प्रसवाना मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या माशिषृ यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ँ स्वाहा।
इदम् सवित्रे प्रसवाना मधिपतये न मम।

५३- ओमृ रुद्रः पशूना मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या
माशिष् यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ऽ॑ स्वाहा।
इदम् रुद्राय पशूनामधिपतये न मम।

☐ प्रणीता का जल छुवे ☐ हवन करे।

५४- ओम् त्वष्टा रुपाणा मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या
माशिष् यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ऽ॑ स्वाहा।
इदम् त्वष्ठे रुपाणा मधिपतये न मम।

५५- ओम् विष्णुः पर्वताना मधिपतिः समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या
माशिष् यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ऽ॑ स्वाहा।
इदम् विष्णवे पर्वताना मधिपतये न मम।

५६- ओम् मरुतो गणाना मधिपतयः ते समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन् क्षत्रेऽस्या
माशिष् यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ऽ॑ स्वाहा।
इदम् मरुद्भ्यो गणानामधिपतिभ्यो न मम।

पितृदेव आहुति देवता स्वोमी

५७- ओम् पितरः पितामहाः परेऽवरे ततास्तता महा। इह समावत् वस्मिन् ब्रह्मण् यस्मिन्
क्षत्रेऽस्या माशिष् यस्यां पुरोधाया मस्मिन् कर्मण् यस्यां देव हूत्या ऽ॑ स्वाहा।
इदम् पितृभ्यः पितामहेभ्यः परेभ्योऽवरेभ्यस्ततेभ्यस्तता महेभ्यो न मम।



☐ प्रणीता का जल छुवे। ☐ हवन करे।

५८- ओम् अग्नि रेतु प्रथमो देवताना ऽ॑ सौऽस्यै प्रजां मुञ्चन्तु मृत्यु पाशात्।
तदय ऽ॑ राजा वरुणोऽनुमन्यतां यथेय ऽ॑ स्त्री पौत्र मघन्न रोदात्स्वाहा।
इदमग्नये।

५९- ओम् इमा मग्निस्त्रायतां गार्हपत्यः प्रजामस्यै नयतु दीर्घमायुः । अशून्यो
पस्था जीवता मस्तु माता पौत्रमानन्द मभि विबुध्यता मिय ऽ॑ स्वाहा।
इदमग्नये न मम।

६०- ओम् स्वतिनोअग्ने दिवा पृथिव्या विश्वानि धेह्य यथा यजत्र ।
यदस्यां महि दिवि जातम् प्रशस्तं तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्र ऽ॑ स्वाहा।
इदमग्नये न मम।

६१- ओम् सुगन्नु पन्थां प्रदिशन्न एहि ज्योतिष्मद् धेह्य जरन्नआयुः ।
अपैतु मृत्यु रमृतं म आगाद् वैवस्वतो नो अभयं कृणोतु स्वाहा ।
इदम् वैवस्वताय न मम।

☐ प्रणीता का जल छुवे।

**अन्तः पट**

☐ कन्या और वर के बीच पीला कपड़ा लगा कर परदा कर दे।

☐ कन्या आँख मूंदे रहे; वर स्वाहा कहने पर आहुति दे। ☐ ब्राह्मण मन में निम्न मन्त्र पढ़े----

**ओम् परम् मृत्योऽअनु परेहि पन्थां यस्तेऽअन्य इतरो देव यानात्।**
**चक्षुष्मते श्रृण्वते ते ब्रवीमि मानः प्रजा ँ रीरिषो मोत वीरान् स्वाहा ।**
**इदम् मृत्यवे न मम।**

☐ खड़े हो जायें। ☐ लड़का व लड़की के हाथ में सिन्धोरा सिन्धोरी दीपिका देकर दोनों गठजोड़ करें + ब्राह्मण या मानपक्ष

☐ प्रणीता का जल फिर छुवे।

☐ १ लाजा होम--कन्या को आगे और वर को कन्या के पीछे पूर्व तरफ मुख करके खड़ा करे। वर के अँजुली के ऊपर कन्या की अँजुली रखे।

☐ कन्या का भाई कन्या के हाथ में लावा छोड़े और वर नीचे वाले मन्त्र से ३ आहुति दे----

१- **ओम् अर्य मणं देवं कन्या अग्नि मयक्षत।**
**सनो अर्यमा देवः प्रेतो मुञ्चतु मापतेः स्वाहा ।। इदमर्यमणे न मम।**

२- **ओम् इयं नार्यु पब्रूते लाजा नाव पन्तिका।**
**आयुष्मानस्तु मे पति रेधन्तां ज्ञातयो मम स्वाहा।। इदमग्नये न मम।**



३- **ओम् इमां लाजा नावे पाम्यग्नौ समृद्धि करणं तव।**
**मम तुभ्यं च संवननं तदग्नि रनु मन्यता मिय ँ स्वाहा। इदमग्नये न मम।**

☐ १ अंगुष्ठ ग्रहण--- वर वधू के दाहिने हाथ का अँगूठा पकड़े और मन्त्र पढ़े----

१- **ओम् गृभ्णामि ते सौभगत्वाय हस्तं मया पत्या जरदिष्टर्यथासः।**
**भगो अर्यमा सविता पुरंध्रिर्महृयं त्वादुर्गाई पत्याय देवाः ।।**

२- **ओम् अमोहमस्मि सात्व ँ सात्व मस्य मोअहं। सामाह मस्मि ऋक् तवं द्यौ रहं पृथिवी त्वं। तावेहि विवहावहै सह रेतो दधावहै। प्रजां प्रजनया वहै पुत्रानुविन्दावहै बहून्। तेसन्तु जरदष्टयः सं प्रियौ रोचिष्णू सुमनस्य मानौ पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शत ँ श्रृणुयाम शरदः शतम्।**

☐ **१. शिलारोहण**

☐ वर अपने बाएँ हाथ से वधू का दाहिना पैर पत्थर के लोढ़े पर रखावै और नीचे लिखा मन्त्र पढ़े---

ओम् आ रोहे ममश्मान मश्मव त्वं गुं स्थिरा भव।
**अभितिष्ठ पृतन्यतोऽ ववाधस्व पृतनायतः ।।**

☐ लोढ़ा पर पैर रखाने के बाद यह मन्त्र पढ़े---

**ओम् सरस्वति प्रेद मव सुभगे वाजिनी वती। यां त्वा विश्वस्य भूतस्य प्रजाया मस्याग्रतः। यस्यां भूत ँ सम भवद् यस्यां विश्व मिदं जगत्। ता मद्य गाथां गास्यामि या स्त्रीणा मुत्तमं यशः ।।**

□ **१. परिक्रमा----** इसके बाद आगे वधू पीछे वर अग्नि की परिक्रमा एक बार करें----

**ओम् तुभ्य मग्ने पर्यवहन्सूर्याम् वहतु ना सह। पुनः पतिभ्यो जायावाऽअग्ने प्रजया सह।।**

□ २. लाजा आहुति--- फिर पहले की तरह वर-कन्या अपने-अपने स्थान पर खड़े हों और नीचे के मन्त्रों से लाजा की आहुति ३ बार दें----

१- **ओम् अर्यमणं देवं कन्या अग्नि मयक्षत। सनोअर्यमा देवः प्रेतो मुञ्चतु मापतेः स्वाहा।।**
**इदमर्यमणे इदन्न मम।**

२- **ओम् इयं नार्यु पब्रूते लाजानाव पन्तिका। आयुष्मानस्तु मे पति रेधन्तां ज्ञातयो मम स्वाहा।**
**इदमग्नये इदन्न मम।**

३- **ओम् इमां लाजा नाव पाम्यग्नौ समृद्धि करणम् तव। मम तुभ्यं च संवननं तदग्नि रनु मन्यता मिय ꣳ स्वाहा। इदमग्नये इदन्न मम।**

□ **२. पाणिग्रहण----**वर फिर वधू के हाथ के अँगूठे को पकड़कर नीचे का मन्त्र पढ़े----

१- **ओम् गृभ्णामि ते सौभगत्वाय हस्तं मया पत्या जर दष्टिर्यथा सः।**
**भगोअर्यमा सविता पुरन्ध्रिर्मह्यम् त्वाऽदुर्गार्ह पत्याय देवाः।**

२- **ओम् अमोह मस्मि सात्व ꣳ सात्व मस्य मो अहम्। सा माह मस्मि ऋक्त्वं द्यौरहं पृथिवी त्वम्।**

३- **ओम् तावेहि विवहावहै सह रेतो दधावहै। प्रजां प्रजनया वहै पुत्रान् विन्दावहै बहून्। तेसंतु जरदष्टयः सं प्रियौ रोचिष्णू सुमनस्य मानौ। पश्यैम शरदः शतञ्जीवेम शरदः शत ꣳ श्रुणुयाम शरदः शतम्।**



□ **२. शिलारोहण---** वर फिर कन्या का दाहिना पैर लोढ़ा पर रखा के नीचे का मन्त्र पढ़े---

**ओम् आरोहे ममश्मान मश्मेव त्व ꣳ स्थिरा भव।**
**अभितिष्ठ पृतन्यतोऽ वबाधस्व पृतनायतः।**

□ लोढ़ा पर पैर रखने के बाद वर नीचे का मन्त्र पढ़े---

**ओम् सरस्वती प्रेद मव सुभगे वाजिनी वति। यां त्वा विश्वस्य भूतस्य प्रजाया मस्याग्रतः। यस्यां भूत ꣳ सम भवद् यस्यां विश्व मिदं जगत्। तामद्य गाथां गास्यामि या स्त्रीणामुत्तमं यशः।।**

□ २. परिक्रमा---- मन्त्र पढ़ने के बाद वर-वधू अग्नि की परिक्रमा करें----

**ओम् तुभ्य मग्ने पर्यवहन्सूर्याम् वहतु ना सह।**
**पुनः पतिभ्यो जायां दाऽअग्ने प्रजया सह।।**

□ ३. लाजा आहुति--- तीसरी बार वर-वधू परिक्रमा के बाद अपने-अपने स्थान पर खड़े हों और कन्या का भाई फिर लावा छोड़े और नीचे के मन्त्र से ३ बार आहुति दे---

१- **ओम् अर्य मणं देवं कन्या अग्नि मयक्षत। सनो अर्यमा देवः प्रेतो मुञ्चतु मापतेः स्वाहा।**
**इदमर्यमणे इदन्न मम।।**

२- **ओम् इयं नार्यु पब्रूते लाजा नाव पन्तिका। आयुष्मानस्तु मे पतिरेधन्तां ज्ञातयो मम स्वाहा।**
**इदमग्नये इदन्न मम।।**

३- ओमृ इमां लाजा नाव पाम्यग्नौ समृद्धि करणंतव। मम तुभ्यं च संवननं तदग्नि रनुमन्यता मिय ँ स्वाहा। इदमग्नये न मम।।

☐ ३- पाणिग्रग्रहण--- वर फिर वधू का अंगुष्ठ सहित हाथ पकड़े और नीचे का मन्त्र पढ़े---

१- ओमृ गृभ्णामि ते सौभगत्वाय हस्तं मया पत्या जरदष्टिर्यथा सः।
भगोअर्यमा सविता पुरन्ध्रिर्मह्यं त्वाऽदुर्गार्ह पत्याय देवाः।

२- ओमृ अमोह मस्मि सात्वह ँ सात्व मस्यमोऽअहम्।
सामाह मस्मि ऋक् त्वं द्यौ रहं पृथिवी त्वम्।।

३- ओमृ तावेहि विवहावहै सहरेतो दधावहे। प्रजां प्रजनयावहै पुत्रान् विन्दावहै बहून्। ते संतु जरदष्टयः संप्रियौ रोचिष्णू सुमनस्य मानौ। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शत ँ श्रृणुयाम शरदः शतम्।

☐ ३. शिलारोहण--- फिर वधू का दाहिना पैर शिला पर रखा कर वर निम्न मन्त्र पढ़े----

ओमृ आरोहे ममश्मान मश्मेव त्व ँ स्थिरा भव।
अभि तिष्ठ पृतन्यतोऽ वबाधस्व पृतनायतः।।

☐ फिर वर निम्न मन्त्र को पढ़े---

ओमृ सरस्वति प्रेद मव सुभगे वाजिनी वति । यां त्वा विश्वस्य भूतस्य प्रजाया मस्या ग्रतः।।
यस्यां भूत ँ सम भव द्यस्यां विश्व मिदम् जगत्। तामद्य गाथां गास्यामि या स्त्रीणा मुत्तमं यशः।।

☐ ३. परिक्रमा---वर-वधू अग्नि की परिक्रमा एक बार फिर करें।



ओमृ तुभ्य मग्रे पर्यवहन्सूर्याम् वहतु ना सह। पुनः पतिभ्यो जायां दाऽग्ने प्रजया सह।।

☐ दोनों फिर अपने स्थान पर खड़े हों।

☐ ४. लाजा आहुति--- इस बार सूप के कोने से कन्या का भाई एक ही बार में सब लावा वर-वधू के हाथ में छोड़ दे। वर नीचे का मन्त्र पढ़ आहुति दे---

ओमृ भगाय स्वाहा। इदम् भगाय इदन्न मम।

## ग्रन्थिबन्धन

☐ चौथी बार वर-वधू की गाँठ बाँध दे। ☐ पहले गठजोड़ नहीं किया तो करे गठजोड़

☐ वर आगे वधू पीछे हो कर चुपचाप १ परिक्रमा करें। ☐ वर के दक्षिण तरफ वधू को बैठा दे।

☐ ब्रह्मा के कुशा से जुड़े अपने कुशा को हटा दे। ☐ एक आहुति घृत की दे---

ओमृ प्रजापतये स्वाहा। इदमृ प्रजापतये इदन्न मम।

☐ स्रुवा का बचा हुआ घृत प्रोक्षणी पात्र में डाल दे। ☐ मण्डप मधुपर्कश्च लाजा होम परिक्रमा। यावत्सप्तपदी नैव तावत कन्या कुमारिका ॥

☐ सप्तपदी---वर और वधू उत्तर मुँह करके खड़े हों।

☐ नाऊ लावा या ऐपन की सात कुरौनी या गुड़ला बना दे। ☐ बरनुआ के लोटे वाले जौ से बनायें

☐ ब्राह्मण वर-वधू को सात पग चलने को कहे।

☐ भोले बाबा का विवाह बाबा कहत हैं देवी मेरे साथ सात पग उत्तर दिशा की ओर चलो और ये पग हम साथ-साथ चलेंगे जीवन भर ऐसे जीवन नैया लगेगी / जीवन व्यतीत करेंगे

हे देवी हम दोनों साथ-साथ सात पग चलें जीवन व्यतीत करें, भगवान विष्णु मुझे और आपको ये प्रतिज्ञा/वचन निभाने आशीर्वाद दें।

□ वर-वधू पहिले दाहिना फिर बाँया पग धरें। ब्राह्मण निम्न मन्त्र पढ़ें----

ओम् एक मिषे विष्णु स्त्वा नयतु ॥ १ ॥

ओम् द्वे ऊर्ज्जे विष्णु स्त्वा नयतु ॥ २ ॥

ओम् त्रीणि रायस्पोषाय विष्णु स्त्वा नयतु ॥ ३ ॥

ओम् चत्वारि मायो भवाय विष्णु स्त्वा नयतु ॥ ४ ॥

ओम् पञ्च पशुभ्यो विष्णु स्त्वा नयतु ॥ ५ ॥

ओम् षड् ऋतुभ्यो विष्णु स्त्वा नयतु । । ६ ॥

ओम् सखे सप्तपदा भव, सा मा मनुव्रता भव, विष्णु स्त्वा नयतु ॥ ७ ॥

□ सात पग चलने के बाद वर-वधू अपने-अपने स्थान पर बैठ जाएँ।

□ पहिले कन्या पक्ष के पण्डित कन्या के सात वचनों को कहें----कन्या वचन

१- तीर्थ व्रतोद्यापन यज्ञ दानं मया सहत्वं यदि कर्म कुर्याः ।
वामाङ्ग मायामि तदा त्वदीयं जगाद वाक्यं प्रथमं कुमारी ॥

□ कन्या पहला वचन यह कहती है कि कोई भी तीर्थ, यात्रा, व्रत, उद्यापन, यज्ञ और दान आदि कर्मों को यदि मुझे साथ में लिये हुए करना स्वीकार करें तो मैं आपके वाम भाग में आऊँ।

२- हव्य प्रदानै रमरानू पितृन कव्य प्रदानैर्यदि पूजयेथाः ।
वामाङ्ग मायामि तदा त्वदीयम् जगाद कन्या वचनं द्वितीयम् ॥



मेरे माता पिता को अपने माता पिता की तरह सम्मान दें

□ दूसरा वचन कहती है कि देवताओं के लिये हव्यदान और पितरों के लिए कव्यदान करते समय साथ में रखना स्वीकार करें तो मैं आपके वाम भाग में आऊँ।

३- कुटुम्ब रक्षा भरणे यदि त्वं कुर्याः पशूनां परि पालनञ्च ।
वामाङ्ग मायामि तदा त्वदीयं जगाद कन्या वचनं तृतीयम् ॥

□ तीसरे वचन में कहती है कि परिवार और गऊ आदि सभी पशुओं का पालन-पोषण करना मेरे अधीन रखना आप स्वीकार करें तो मैं आपके वाम भाग में आऊँ।

४- आय व्ययौ धान्य धनादिकानां पृष्ट्वा निवेशं च गृहे निदध्याः ।
वामाङ्ग मायामि तदा त्वदीयं जगाद कन्या वचनं चतुर्थम् ॥

□ चौथा वचन यह कहती है कि अन्न तथा धन आदि जो कुछ घर में आवे उन सबको संचित रखना और मेरी सलाह से उचित रूप से खर्च करना यदि आप स्वीकार करें तो मैं आपके वाम भाग में आऊँ।

५- देवालया राम तड़ाग कूप वापी विंदध्याः यदि पूजयेथाः ।
वामाङ्ग मायामि तदा त्वदीयं जगाद कन्या वचनं च पञ्चमम् ॥

□ पाँचवे वचन में कन्या कहती है कि यदि आप मन्दिर, बाग, तालाब, कुआँ या बावली आदि तैयार करावें तो उनके प्रतिष्ठा-पूजन आदि कर्मों में मुझे भी साथ रखना स्वीकार करें तो मैं आपके वाम भाग में आऊँ।



□ ⑥ अवस्थात्रये मम पालनां कुर्यात
बाल, यौवन और बुढ़ापे में समभाव रहें — युवावस्था, प्रौढ़ावस्था, वृद्धावस्था

(5) बसन्तादि षट्स्वृतुषु मम पालनं कुर्यात्।
बसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमन्त, शिशर छहों ऋतुओं में समान सद्भाव पालन करें

६- देशान्तरे वा स्वपुरान्तरे वा यदा विदध्याः क्रय विक्रयौ त्वम्।
वामाङ्ग मायामि तदा त्वदीयं जगाद कन्या वचनं च षष्ठम्।।

□ छठे वचन में यह कहती है कि आप देश अथवा विदेश में यदि कोई व्यापारी वस्तुओं को खरीदने बेचने का प्रबन्ध करें तो उसमें मेरी भी सलाह आप स्वीकार करें तो मैं आपके वाम भाग में आऊँ।

७- न सेवनीया यदि पारकीया त्वया भवोद्भाविनि कामनीति।
वामाङ्ग मायामि तदा त्वदीयं जगाद कन्या वचनं च सप्तमम्।।

□ सातवें वचन में कन्या यह कहती है कि दूसरी स्त्री कितनी ही सुन्दर क्यों न हो पर आप उसका सेवन कभी नहीं करने की प्रतिज्ञा यदि कर सकें तो मैं आपके वाम भाग में आऊँ।

पार्वती के बाद भी कन्या अपने चार वचन माँगती है

**वर का प्रतिवचन---**

पति भी वचन चाहता है।
हमारे कुल धर्म धारण करना (i)
कुटुम्ब की देखभाल करना (ii)
वृद्धोजनों के आदेश पालन (iii)
यश और वृद्धि में सहायक (iv)
परामर्श देना पर तर्क नहीं करना (v)
माँ बाप, वृद्ध की सेवा करना (vi)
मेरे मित्र-भाई सम्बन्धीओं को सद्भावना का वातावरण बनाये रखना (vii)

१- मदीय चित्तानुगतं च चित्तं सदा मदाज्ञा परिपालनञ्च।
पतिव्रता धर्मपरायणत्वं कुर्याः सदा सर्व मिमं प्रयत्नं।।

२- क्रीडा शरीर संस्कार समाजोत्सव दर्शनम्।
हास्यं परगृहे यानं त्यजेत् प्रोषित भर्तृका।।

३- उद्याने मद्यपाने च राजद्वारे पितागृहे।
आज्ञया बिना न गन्तव्यं पतिव्रते परायणे।।



हे पतिव्रते देवि! मेरे चित्त के अनुसार तुम अपना भी चित्त रखती हुई सदा ही हमारी आज्ञा का पालन करना और पतिव्रता धर्म में तत्पर रहने का प्रयत्न करती रहना, साथ ही शरीर का श्रृंगार करके समाज में किसी उत्सव में, दूसरे के घर मेरी अनुपस्थिति में कभी मत जाना तथा पर पुरुषों के साथ हास-परिहास नहीं करना, इसी तरह रात्रि में एवं बाग-बगीचे आदि में, मदिरालय में या मदिरा पीने वालों के मार्ग में, राजा के द्वार पर और पिता गृह को मेरी आज्ञा के बिना कभी नहीं जाना स्वीकार करो---- "तो तुम्हारी बातें हमें स्वीकार हैं"।

सनातन धर्म की पहचान है चोटी, शिखा तिलक

□ वर लावा की जो सात कुरौनी बनी है, उसे मिटा देती है। यही उसकी स्वीकृति होती है।

□ **अभिषेक----** दृढ़ पुरुष जो कलश में जल लेकर वर और वधू के प्रदक्षिणा करते समय खड़ा था

□ उसी कलश का जल कुशा या आम की पत्ती से वर-वधू के ऊपर छिड़के----

ओम् आपाः शिवाः शिवतमाः शांताः शांततमास्तास्ते कृण्वन्तु भेषजम्।
ओम् आपो हिष्ठामयो भुवस्ता न ऊर्जे दधातन। महेरणाय चक्षसे।
योवः शिवतमो रसस्तस्य भाजयते हनः। उशती रिव मत्तरः।
तस्माअरङ्ग माम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ। आपो जन यथाचनः।

□ **सूर्यदर्शन---** दिन हो, तो वर-वधू सूर्य को देखें और मन्त्र पढ़े----

ओम् तचक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुचरत्। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं ऽश्रुणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्।

☐ **ध्रुवदर्शन-----** रात्रि हो तो ध्रुव को देखें, मन्त्र पढ़ें----

**ओम् ध्रुवमसि ध्रुवं त्वा पश्यामि ध्रुवैधि पोष्या मयि।**

**मह्यं त्वाऽदात् वृहस्पतिर्मया पत्या प्रजावती संजीव शरदः शतम्।**

**हृदयालम्भन**

☐ वर-कन्या के दाहिने कन्धे पर से हाथ ले जाकर वधू के हृदय को स्पर्श कर निम्न मन्त्र पढ़े----

**ओम् मम व्रते ते हृदयं दधामि मम चित्तमनुचित्तम् तेऽस्तु मम वाच**
**मेक मना जुषस्व प्रजा पतिष्ट्वा नियुनक्तु मह्यम्।**

☐ टिप्पणी---- लोकाचार में सिन्दूरदान के पहले सिंधोरा से वर का पिता पूर्व मुख होकर परदा करके ५ चुटकी सिन्दूर अपने कुल देवताओं के लिये निकालता है।

☐ **सिन्दूर दान---** अब वधू को वर के बाएँ तरफ बिठा दे, इसके बाद वर वधू के माँग और माथा में सिन्दूर
☐ आसन बदलें लगावे, निम्न मन्त्र को पढ़े---

**ओम् सुमङ्गली रियं वधू रिमा ँ समेत पश्यत।**
**सौभाग्य मस्यै दत्वा याथास्तं विपरेतन।।**

☐ **सिन्दूर बहोरना------** सौभाग्यवती स्त्री [कन्या की बुआ या बड़ी बहन या बड़ी भौजाई] वधू की माँग में सिन्दूर लगाती हैं, जिसे "सिन्दूर-बहोरना" कहते हैं।



☐ १. आहुति--- निम्न मन्त्र से घी की एक आहुति दे।

**ओम् अग्नये स्विष्ट कृते स्वाहा। इद मग्नये स्विष्ट कृते इदन्न मम।**

☐ **ब्रह्म ग्रन्थि विमोक-** कुशा में ब्रह्मा की जो गाँठ थी उसे खोल दे और निम्न मंत्र पढ़क र प्रणीता पात्र के जल को अपने ऊपर पवित्री से छिड़के।

**।। ओम् सुमित्रियानऽआप ओषधयः संतु।।**

☐ पवित्री अग्नि में छोड़ दे। पूर्णपात्र संकल्प ☐ पूर्णपात्र का संकल्प करें----

**ओम् अद्य कृतैतद्विवाह होम कर्म प्रतिष्ठार्थमिदं पूर्ण पात्रं सदक्षिणां प्रजापति देवता अमुक गोत्रायअ मुकशर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं संप्रददे।**

☐ ब्राह्मण लेकर कहे--दे **।। ओम् स्वस्ति।।**

☐ प्रणीता पात्र को नीचे के मन्त्र से ईशान कोण में उलटकर रख दे।

**ओम् दुर्मित्रियास्तस्मै संतु योस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः।**

☐ इस जल को उपनयन कुशा से अपने ऊपर छिड़क ले, और कुश अग्नि में छोड़ दे।

☐ वेदी के चारों तरफ जो कुशा कुशकण्डिका के समय रखे गये हैं उन सब को उसी क्रम से उठाकर घी में बोरकर नीचे के मन्त्रों से अग्नि में छोड़ दें----

संस्कारों में पूर्णाहुति नहीं होगी। अग्निवास विचार नहीं होते

ओम् देवा गातु विदो गातुं वित्वा गातु मित।

मन सस्पतइमं देव यज्ञ ँ स्वाहा वातेधाः स्वाहा।

☐ भस्म लगावे-स्रुव से अग्नि का भस्म लेकर वर अपने लगावे--

ओम् त्र्यायुषं जमदग्नेः--- इति ललाटे।

ओम् कश्यपस्य त्र्यायुषम्--- इति ग्रीवायाम्।

ओम् यद् देवेषु त्र्यायुषम्---- इति दक्षिण बाहु मूले।

ओम् तन्नोऽअस्तु त्र्यायुषम्--- इति हृदि।

☐ धोया पात्र देवें - यह धोया पात्र ... या व्यास को दें फिर दान संकल्प करें।

☐ भूयसी दक्षिणा-इसके बाद भूयसी दक्षिणा संकल्प कर दे।

अद्य विवाह कर्मणि न्यूनातिरिक्त दोष परिहारार्थम् भूयसी दक्षिणां नाना-नाम गोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो दातुमहमुत्सृजे।

☐ अभिषेक--- ब्राह्मण वर-वधू पर जल छिड़के--

१- गणाधिपो भानु शशी धरा सुतो, बुधो गुरु भार्गव सूर्य नन्दनो।
राहुश्च केतुः प्रभृति नँवग्रहाः, कुर्वन्तु वः पूर्ण मनोरथं सदा।।

२- उपेन्द्र इन्द्रो वरुणो हुताशनो, धर्मो यमो वायु हरिश्चतुर्भुजः।
गन्धर्व यक्षो रग सिद्ध चारणाः, कुर्वन्तु वः पूर्ण मनोरथं सदा।।



३- नलो दधीचिः सगरः पुरूरवा, सकौन्तलेयो भरतो धनञ्जयः।
राम त्रयं वेणु वलिर्युधिष्ठिरः, कुर्वन्तु वः पूर्ण मनोरथं सदा।।

४- मनु मरीचि भृगुदक्षनारदाः, पराशरो व्यास वशिष्ठ भार्गवाः।
वाल्मीकि कुम्भोद्भव गर्ग गौतमाः, कुर्वन्तु वः पूर्ण मनोरथं सदा।।

५- रम्भा शची सत्यवती च देवकी, गौरी च लक्ष्मीश्च दितिश्चरुक्मिणी।
कूर्मो गजेन्द्रोऽपि चराचरा धराः, कुर्वन्तु वः पूर्ण मनोरथं सदा।।

६- गङ्गा च क्षिप्रा यमुना सरस्वती, गोदावरी वेत्रवती च नर्मदा।
सा चन्द्रभागा वरुणा असी नदी, कुर्वन्तु वः पूर्ण मनोरथं सदा।।

७- तुङ्गश्रवा तद् गुरु चक्र पुष्करम्, गयभिमुक्तो बदरी वटेश्वरः।
केदार पम्पासुर नैमिषारकम्, कुर्वन्तु वः पूर्ण मनोरथं सदा।।

८- शंखश्चदूर्वासित पत्र चामरम्, मणि प्रदीपो वर रत्न कांचनम्।
सम्पूर्ण कुम्भः सहितो हुताशनः, कुर्वन्तु वः पूर्ण मनोरथं सदा।।

९- प्रयाण काले यदि व सुमंगले, प्रभात काले च नृपाभिषेचने।
व्यासेन सम्पूर्ण मनोरथाष्टकम्; कुर्वन्तु वः पूर्ण मनोरथं सदा।।

## दूसरी गोदी भरना

☐ वर के पिता फल-मेवा-गरीगोला-द्रव्य लेकर वधू की गोद छोड़ें।

**ओम् मन्त्रार्थाः सफलाः सन्तु पूर्णाः सन्तु मनोरथाः।**
**शत्रूणां बुद्धिनाशोऽस्तु मित्राणा मुदयस्तव।।**

☐ बाकी सब लोग वर-कन्या पर लावा छिड़कें और कहे-----

**ओम् सौभाग्यमस्तु-कल्याणमस्तु।**

☐ आचार्य दक्षिणा----इसके बाद आचार्य-पुरोहित को विवाह कराने की दक्षिणा दें। ☐ देवविसर्जन

☐ नाई को न्यौछावर देकर वर-कन्या को कोहबर में ले जायँ। ☐ (पलकाचार - टीका, ... MUSU के ही ये होगा)

## गोने की प्रक्रिया

☐ वर वधू को बैठा कर गौर गणेश कलश नवग्रह की पूजा कराने के बाद चाँदी की बिछिया अँगूठा कलश में छुआ कर कोई सौभाग्यवती स्त्री कन्या को पहनावे। फिर अक्षत-सुपारी व द्रव्य रखकर दोनों की गाँठ बाँधे और कन्या का वाम भाग में बैठावें।

☐ फिर रीति वाली नई दौरी में चनादाल-चावल की खिचड़ी के साथ गुड़-हल्दी-सुपारी व द्रव्य लेकर ऊपर वधू की तथा नीचे वर की अँजुली बनाकर पाँच अँजुली भरावे। निम्न मन्त्र पढ़े---



ॐ गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठ स्वस्थानं परमेश्वर, यत्र ब्रह्मादयो देवास्तत्र गच्छ हुताशन ।।

लक्ष्मी गणेश हमारे यहां रहें अन्य देव सभी अपने स्थान को जायें शुभ आशीर्वाद दें।

१- **ओम् प्रथमोऽञ्जलिरियं पूर्वम् सीतारामाभिवन्दितः।**
**सर्वेषु मम कार्येषु शुभदः सर्वदा भवेत्।।**

२- **ओम् द्वितीयोऽञ्जलिरियं पूर्वम् सत्या कृष्णाभि वन्दितः।**
**सर्वेषु मम कार्येषु शुभदः सर्वदा भवेत्।।**

३- **ओम् तृतीयोऽञ्जलिरियं पूर्वम् गौरी शंकर वन्दितः।**
**सर्वेषु मम कार्येषु शुभदः सर्वदा भवेत्।।**

४- **ओम् चतुर्थोऽञ्जलिरियं पूर्वम् सावित्री ब्रह्म पूजितः।**
**सर्वेषु मम कार्येषु शुभदः सर्वदा भवेत्।।**

५- **ओम् पंचमोऽञ्जलिरियं पूर्वम् कुन्ती पाण्डु प्रपूजितः।**
**सर्वेषु मम कार्येषु शुभदः सर्वदा भवेत्।।**

☐ फिर ऊपर वर की तथा नीचे वधू की अँजुली करके निम्न मन्त्र से दो अँजुरी भरावे।

**ओम् वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थाविव प्रतिपत्तये।**
**जगतः पितरौ वन्दे पार्वती परमेश्वरौ।।**

☐ लोकाचार में इन सातों अँजुरी की खिचड़ी वर के पिता को दी जाती है।

- ☐ फिर वर-वधू के हाथ में छुआकर दो-दो अँजुरी खिचड़ी दोनों ओर के ब्राह्मण को तथा एक-एक अँजुरी नाऊ व एक अँजुरी भाँट को दी जावे।
- ☐ ब्राह्मण को दक्षिणा व नाई को न्यौछावर देकर वर-वधू को कोहबर में भेज दे।

## कंगन खोलना

- ☐ वर-वधू को बिठाकर गौर-गणेश-कलश-नवग्रह की पूजा कराये।
- ☐ वधू के हाथ में बँधे कंकण (कंगन) खोल दे।

**ओम् कंकणं मोचयाम्यद्य रक्षां वै न कदाचन।**
**मयि रक्षां स्थिरां दत्वा स्वस्थानं गच्छ कंकण।।**

- ☐ कंगन खोलकर गौर के पास रख दे। वधू गौर को सिन्दूर चढ़ाकर सोहाग ले ले।
- ☐ ब्राह्मण वर के तिलक कर दें, वधू की गोद भर दे। ब्राह्मण को दक्षिणा, नाई को न्यौछावर दे।
- ☐ देवताओं का विसर्जन कर वर-वधू आसन से उठकर बड़े-बूढ़ों का पाव छुवे।

•••



# - श्री ब्रह्म विवाह पूजन सामग्री -

| | | | |
|---|---|---|---|
| सिन्दूर | ५० ग्राम जवा | १ हरिस | २० प्याला मिट्टी |
| रोली | २५० ग्राम सरसों तेल | १ चिरई | १ किलो आम की लकड़ी |
| कपूर | २ किलो गुड़ | २ पीढ़ा | सरपत |
| १०० ग्राम चना दाल | १ शीशी शहद | १ मूठी बैर पत्ती | १ दौरी |
| १०० ग्राम उर्द दाल | १ पैकेट हवन सामग्री | १ मूठी दूब | १ सूप |
| २ पैकेट कलावा | २ पैकेट अगरबत्ती | फूल–माला | आचार्य वरण |
| १०० ग्राम सुपारी छोटी | १ पैकेट धूपबत्ती | रूई–मचिस | पीली धोती |
| १०० ग्राम सुपारी बड़ी | ५ नग लोहे का छल्ला | गंगाजल व मिट्टी | १ अंगौछा |
| २०० ग्राम हल्दी साबूत | राई – नमक | १५ देशी पान | १ आसन |
| ५० ग्राम हल्दी पीसी | ३ किलो चावल | १ मीटर कपड़ा पीले रंग का | १ लोटा (ताँबे का) |
| १०० ग्राम देशी घी | १ कलश मिट्टी का | १५ पत्तल सादा | २ जनेऊ |
| १०० बतासा छोटा | १ हरा बाँस कैनी | ५ करई | दक्षिणा |
| ५०० ग्राम दही | | | |

Home

## वर पक्ष ( चढ़ावे में जाने की सामग्री )

वधू की साड़ी, मौरी, ताग-पाट श्रृंगार सामग्री, १२५ ग्राम सिन्दूर, सिन्दुरदानी, गहना (यथा शक्ति), गोद का सामान २ जगह (एक फल की, एक मेवे की), लावा छेनी बेनी, चावल सवा किलो, गुड़ ७ पीस, एक नारियल (जलदार), हल्दी ७, दही, शहद छोटी शीशी, सिन्दरा, बहोरने की साड़ी, लावा परसने वाले का कपड़ा, मण्डप में हवन हेतु एक पीली धोती मर्दानी, १ अगौंछा, १ ताँबा का लोटा, १ काँसे का कटोरा, देशी घी १०० ग्राम, प्रजा की साड़ी (देशावार के अनुसार) वर का पानी, बैना (माठ, लड्डू आदि), गाँठ बाँधने का कपड़ा, आम की लकड़ी। वरनुआ को सामान

## कन्या पक्ष ( तिलक में जाने की सामग्री )

पगिया, वर का परिधान, नारियल गड़गड़ा, चंदन की लकड़ी, मिष्ठान, फल सूखामेवा, ११ खड़ी सुपारी, ११ हल्दी साबूत, १ जनेऊ, पीला चावल २ किलो, १ थाल, २ जोड़ा लगा पान, दूब, माला बड़ा, चाँदी की तश्तरी, नारियल, पान व सुपारी (यथा शक्ति) ५ मीटर कपड़ा (छापा के लिये)

## कन्यादान सामग्री

परात, गेणुआ, जग, कटोरा (तेलवई का) पीली साड़ी एक कन्या की, पीली मर्दानी धोती, पीला दुपट्टा, स्वर्णरजत-दान (यथा शक्ति) दो कलशा (द्वारचार के समय दरवाजे पर रखने के लिए) दो लोटा, २ थाली (पूजा सामग्री रखने के लिए)



श्री राम चन्द्र के विवाह शाखोच्चार

श्री गणेश मनाय के शाखा करूं बखान। वर कन्या चिरंजीव हों कृपा करें भगवान॥
जनकपुरी के राव हैं राजा जनक सुजान। कन्या ब्याह रचाय के यह प्रण मन ठान॥
परशुराम के धनुष को जो कोई लेय उठाय। सीता जी उसको वरें कार्य सुफल हो जाय॥
देश-देश के भूप सुन आये जनक द्वार। धनुष बाण उठत नहीं सबने मानी हार॥
नारद मुनि आये जभी राजा कीनो प्रश्न। सीता वर है कौन सा रामचन्द्र हरि किशन॥
विश्वामित्र लेकर चले लछमण श्री भगवान। सब राजा देखें खड़े धनुष तोड़ दिया तान॥
फूलों की माला गले दीनी सीता डार। सब राजा घर कूं चले अपने मन में हार॥
पंडित कूं बुलवाय के लगन लिखो शुभ वार। अनुराधा नक्षत्र धर और लिखा परिवार॥
गौरी गायत्री सभी कुलवन्ती सब नार। मंगल गावें कुशल वधु बरसत रंग अपार।
घोड़ो सभग मंगाय कर कलंगी पाखर जीन। हीरे मोतियों का सेहरा मुकुट धरो परवीन
चंवर करें सेवक खड़े दशरथ करें सामान। चली बरात भगवान की फरकन लगे निशान॥

जनकपुरी देखे खड़ी मन में खुशी अपार। आई बरात भगवान की शोभा अपरम्पार ॥
पंडित को बुलवायकर कलश गणेश ले हाथ। सब राजा मिलने चले जनक राव के साथ ॥
राजा दशरथ से मिले जनक प्रीति कर जाय। दूल्हे की सेवा करी जनवासे बिठलाय ॥
लीक चुका राजा चले जनकराव के साथ। फेरों की त्यारी करी गुरु वशिष्ठ के हाथ ॥
सीता श्री भगवान को वेदी दिये बिठाय। वेद पढ़े धुनि लायकर होरहे जय जयकार ॥
गौरी गायत्री सभी कुलवन्ती सब नार। मृगा नयनी दें सीठने शोभा अपरम्पार ॥
कन्या का संकल्प कर राजा जनक सुजान। गुरु वशिष्ठ बोलें जभी कहें स्वस्ति भगवान ॥
कन्या विवाह रचाकर दीजो वित्त समान। स्वीकार करो सब पंच मिल कृपा करो भगवान ॥

सिया रघुवर जी के संग परन लागी हरे हरे परन लागी हरे हरे पर लागी भँवरिया।
छोटो चँदुवेश प्रेम को रंग परन लागी हरे हरे परन लागी भँवरिया।
कुंवर कुंवर कल भँवर देही, नयन लाभ सब सादर लेहीं।
जाय न बरना मनोहर जोड़ी, जो उपमा कहुँ सो थोरी ॥
राम सिया के छवि के आगे लागत कोटि आनन्द - परन लागी हरे हरे
परन लागी भाँवरिया - सिय रघुवर जी के संग - - - -
दशरथ मुदित प्रसन्न नाचते, धन्य विदेह कृतज्ञ घराती।
बड़े भाग रघुकुल संघ जुड़ के, नभ चलि धूल पतंग संग उड़ के ॥
तीनों लोक में कभी न उठी ऐसी हरष तरंग - परन लागी हरे हरे...
परन लागी भँवरिया - सियारघुवर जी के संग।

प्रथम सुमिरन करैं गौरी पुत्र गणेश।
विष्णु व्यापक सूर्य फिर दुर्गा और महेश॥
पाँच देव को ध्याय के लगन-सगाई सामान दें सुनाय।
राधा-कृष्ण समान जोड़ी को सामान सुनो सब चितलगाय॥

405G. e
3 STUKS/PIECES/STÜ
VAN DIJK BANKET B.V.
ANTWOORDNUMMER 5500
NL 8064 ZX ZWARTSLUIS
WWW.VANDIJKBANKET.NL